दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली। बुधवार 20 अगस्त-2025 • वर्ष : 10 अंक : 241 पेज-08 • RNI NO. DELHIN/2015/65364 • मूल्य : ₹3


## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होंगे गाजियाबाद के डॉ. साहब

### - पूरे देश से बुलाए गए हैं इस आयोजन में महज 50 ही चेहरे



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस अनुशासन का दूसरा नाम है। संघ की परंपराएं, संघ का अनुशासन और संघ की कार्यशैली पूरे विश्व में अपनी एक विशिष्ट पहचान रखती है। आरएसएस यानी संघ का एक अपना दायरा है और यहां व्यक्ति कितने भी बड़े ओहदे पर क्यों ना हो, अगर वो अपेक्षित नहीं है तो फिर वो इस बात की अपेक्षा ना करें कि उसे कोई विशेष छूट मिलेगी। आरएसएस का एक बड़ा कार्यक्रम होने जा रहा है। दिल्ली में ये कार्यक्रम होगा और 26 अगस्त को इस कार्यक्रम में स्वयं संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत शामिल होंगे। ये कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष की यात्रा पर आयोजित है। कार्यक्रम का नाम ही 100 वर्ष की संघ यात्रा और नए क्षितिज रखा गया है। 26 अगस्त से ये कार्यक्रम होगा और तीन दिवसीय कार्यक्रम में उदबोधन, संवाद कार्यक्रम आयोजित होंगे। संघ के इस बड़े कार्यक्रम में गाजियाबाद की भी उपस्थिति होगी। बताया जाता है कि गाजियाबाद में चिकित्सा क्षेत्र के एक बड़े प्रतिष्ठित और विशिष्ट व्यक्तित्व को इस कार्यक्रम में निमंत्रण मिला है। ये निमंत्रण इसलिये खास है क्योंकि इस कार्यक्रम में सीमित चेहरे बुलाए गए हैं और जिन 50 सीमित चेहरों को आमंत्रित किया गया है उनमें गाजियाबाद के डॉ. साहब भी शामिल हैं। संघ के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में गाजियाबाद के चिकित्सा क्षेत्र के विशिष्ट व्यक्तित्व का होना ही अपने आप में एक उपलब्धि है।






## लोकसभा-राज्यसभा दोनों सदनों में वोटर वेरिफिकेशन पर हंगामा




**नई दिल्ली।** लोकसभा और राज्यसभा में वोटर वेरिफिकेशन और वोट चोरी को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। सफल स्पेस मिशन पर चर्चा के दौरान लोकसभा में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए अमेरिका, चीन और पाकिस्तान के कहने पर देश के स्पेस मिशन को कमजोर किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने केरल के प्रसिद्ध इसरो वैज्ञानिक नंबी नारायणन को उइकके जरिए 1994 में गलत तरीके से गिरफ्तार कराया। इस साजिश से भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को बहुत नुकसान हुआ। इसलिए कांग्रेस नहीं चाहती कि इस विषय पर सदन में चर्चा हो। इससे पहले लोकसभा में नारेबाजी के बीच स्पीकर ओम बिरला ने प्रश्नकाल चलाने की कोशिश की। कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कुछ सवालों के जवाब भी दिए, लेकिन हंगामा नहीं रुका। वहीं राज्यसभा में खान और खनिज संशोधन विधेयक 2025 पारित हुआ। दोनों सदन की कार्यवाही को 20 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

राज्यसभा में खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक 2025 को पारित कर दिया गया। यह बिल लोकसभा से पहले ही पारित हो चुका है। इसके बाद राज्यसभा की कार्यवाही को कल 20 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

लोकसभा में मंगलवार को गुवाहाटी में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) की स्थापना के लिए एक विधेयक पारित कर दिया। इसके लिए केंद्र सरकार 550 करोड़ रुपए की सहायता देगी। भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2025 को निचले सदन में हंगामे के बीच पारित किया गया।

## हम आपके हैं कौन, कब होगा कार्यकारिणी चुनाव, कब टूटेगा मौन




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम इन दिनों बिना कार्यकारिणी के ही चल रहा है। नगर निगम में कार्यकारिणी का चुनाव नहीं हुआ है। नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का चुनाव नहीं हुआ है और निगम के पार्षद इसे एक्ट के विरुद्ध मान रहे हैं। निगम सूत्र बताते हैं कि पार्षदों ने इसे लेकर लामबंद होना शुरू कर दिया है। निगम कार्यकारिणी का चुनाव होना है और कार्यकारिणी उपाध्यक्ष सहित सभी नामों को लेकर संगठन की मुहर लगनी थी। इसके लिये भाजपा महानगर कार्यालय पर नगर निगम की मेयर सुनीता दयाल और भाजपा संगठन के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की बैठक भी हुई थी और इसी विषय पर काम चल रहा था कि यहां कहानी में हाउस टैक्स वाला मोड़ आ गया। हाउस टैक्स का मुद्दा इतना गरमाया कि कार्यकारिणी का सवाल हाशिए पर आ गया। 30 जून को निगम की विशेष बोर्ड बैठक हुई और उसमें सर्वसम्मति से हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी वाला प्रस्ताव निरस्त हुआ। इसके बाद मिनट्स बुक को लेकर पार्षद धरने पर बैठ गए और अब सवाल फिर से निगम कार्यकारिणी के चुनाव को लेरक शुरु हो गया।

सूत्र बताते हैं कि नगर निगम में निगम कार्यकारिणी चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। सूत्र बता रहे हैं कि अगर किसी को लग रहा है कि पार्षद खामोश हैं तो ऐसा नहीं है, पार्षद लामबंद हो रहे हैं। जिन्हें कार्यकारिणी में आना है वो भी तैयारी कर रहे हैं, जो उपाध्यक्ष बनने वाली लाइन में हैं उन्होंने भी अलग-अलग दरवाजों को खटखटाना शुरू कर दिया है और अब सवाल ये खड़ा हो गया कि आखिर निगम कार्यकारिणी चुनाव कितनी लेट है और अगर चुनाव होना है तो फिर चुनाव की क्या डेट है। हाउस टैक्स का मुद्दा अब कोर्ट में आ चुका है, प्रस्ताव शासन के पास जा चुका है और अब पार्षद चाहते हैं कि निगम कार्यकारिणी का चुनाव हो। पार्षद इस समय कार्यकारिणी की स्थिति को लेकर इसे निगम की खराब स्थिति में मान रहे हैं।

उनका कहना है कि अगर कार्यकारिणी ही नहीं है और कार्यकारिणी का उपाध्यक्ष ही नहीं है तो फिर निगम के फैसलों पर असर है। बताया तो ये जाता है कि ऐसी स्थिति निगम के इतिहास में पहली बार आई है। पार्षद बता रहे हैं कि अभी तक जितने भी मेयर रहे हैं उनके कार्यकाल में उपाध्यक्ष और कार्यकारिणी दोनों ही अपडेट रही हैं।

निगम के पार्षदों का ये कहना है कि अगर कार्यकारिणी का चुनाव नहीं हुआ है, उसकी समयावधि निकल रही है तो ऐसे में निगम सदन के सभी फैसले प्रस्ताव, निर्णय, अवैध माने जाएंगे। क्योंकि बिना निगम कार्यकारिणी की सहमति से कोई प्रस्ताव वैध नहीं होगा। निगम कार्यकारिणी का अपना महत्व है। सूत्र बताते हैं कि पार्षदों ने इस पर मंत्रणा शुरू कर दी है और पार्षदों ने भाजपा नेतृत्व से भी मुलाकात कर अपनी बात रख दी है। शीर्ष नेतृत्व के संज्ञान में ये पूरी स्थिति लाई जा चुकी है।

### होना चाहिए चुनाव क्योंकि वैधानिकता पर उठ जाते हैं सवाल: प्रवीण चौधरी



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। प्रवीण चौधरी मौजूदा समय में निगम पार्षद हैं। वो निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष रह चुके हैं। उन्हें निगम एक्ट का जानकार भी कहा जाता है और उनकी खूबी यह है कि वो कभी पार्टी गाइड लाइन और निगम प्रोटोकॉल की लक्ष्मण रेखा को पार नहीं करते हैं। मुद्दा चाहे हाउस टैक्स का हो, मुद्दा चाहे निगम कार्यकारिणी चुनाव का हो या मुद्दा भाजपा के किसी भी विषय से जुड़ा हो, प्रवीण चौधरी हमेशा पार्टी प्रोटोकॉल के दायरे में रहकर बात करते हैं। दैनिक करंट क्राइम ने जब उन्हें कार्यकारिणी चुनाव को लेकर टटोला तो उन्होंने काफी देर बाद इस विषय पर बोला। प्रवीण चौधरी ने कहा कि कार्यकारिणी चुनाव होना चाहिए और कार्यकारिणी उपाध्यक्ष को भी चुना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह निगम के सदन की वैधानिकता से भी जुड़ा है और यह सदन के नीतिगत फैसलों से भी जुड़ा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम अधिनियिम नियमावली के हिसाब से नगर निगम कार्यकारिणी और कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष का चुनाव जरूरी है। क्योंकि निगम के छोटे-बड़े फैसले तभी मान्य होते हैं जब उन पर निगम कार्यकारिणी की बैठक में सहमति की मुहर लगती है। अगर, निगम कार्यकारिणी के चुनाव की समयावधि को लेकर कोई सवाल है तो इस स्थिति से निगम कार्यकारिणी की वैधता पर ही सवाल उठ जाता है। कई बार नीतिगत निर्णय होते हैं और कार्यकारिणी के गठित ना होने पर नीतिगत निर्णयों की वैधानिकता पर सवाल उठता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही इस पूरे मामले पर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बात की प्रबल संभावना है कि हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के मुद्दे पर व्यस्त होने के कारण यह देरी हुई है। सदन की मुखिया मेयर और संगठन के अध्यक्ष मयंक गोयल ने आस्था जताते हुए कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि जल्द ही इस पूरे प्रकरण का पटाक्षेप होगा और जल्द ही चुनाव की घोषणा हो जाएगी।

## कानपुर के घाटमपुर में हुआ एसआई रिचा सचान का अंतिम संस्कार

### नहीं थम रहे हैं साथियों और पुलिसकर्मियों के आंसू





### - अगले साल होनी थी रिचा की शादी, घर में सबसे छोटी थीं

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सड़क हादसे का शिकार हुई कवि नगर थाने की महिला उप निरीक्षक रिचा सचान का मंगलवार को कानपुर के घाटमपुर में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस कर्मियों ने श्रद्धांजलि दी, तो उनकी मां बेसुध खड़ी रहीं। पिता, परिजनों और पुलिसकर्मियों ने कंधा दिया। परिजनों ने घर के पास ही दरोगा रिचा सचान की समाधि बनाई है, जिसपर फूल माला चढ़कर पुलिसकर्मियों और परिजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथियों और गाजियाबाद में तैनात पुलिसकर्मी भी उनके गांव पहुंचे और शोक प्रकट किया। बता दें कि रिचा सचान 2023 बैच की महिला उप निरीक्षक थी। पहले ही अटेम्प्ट में वह चयनित हुई और रिचा पुलिस की नौकरी के साथ-साथ आईएएस बनने का सपना रखती थीं। रिचा की मौत के बाद से उनके साथी, उनके साथ ड्यूटी देने वाले पुलिसकर्मी गमगीन हैं। उनके आंसू थम नहीं रहे हैं और वह रिचा की ही बातें कर रहे हैं।

### थाने में पुलिसकर्मियों से लेकर साथी सब हैं स्तब्ध



करंट क्राइम : सड़क हादसे में जान गंवाने वाली महिला उप निरीक्षक रिचा सचान की मौत के बाद भी उनके साथी और सहयोगी पुलिसकर्मी दुख से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। उनके साथ काम करने वाले पूर्व कवि नगर एसएचओ योगेंद्र मलिक का कहना है कि रिचा अपनी ड्यूटी और सभी जिम्मेदारियों को पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ निभाती थीं। उसमें पुलिसिंग सीखने की ललक और किसी भी जिम्मेदारी को पूरी गंभीरता से निभाना का कौशल था। वहीं एसएचओ धर्मपाल सिंह का कहना है कि रिचा का स्वभाव बेहद सरल व अनुशासित था। सड़क हादसे में मौत के बाद से उसके साथी पुलिसकर्मी लगातार रिचा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए स्टेटस और फोटो लगा रहे हैं। तो श्रद्धांजलि सभा कानपुर में भी कई साथी पुलिसकर्मी अंतिम सलामी देने के लिए पहुंचे।

### मेरठ में हुई थी ट्रेनिंग, गाजियाबाद में सीख रही थीं पुलिसिंग

करंट क्राइम : गाजियाबाद में ड्यूटी से लौटते समय सड़क हादसे में मौत का शिकार हुई कानपुर नगर निवासी रिचा सचान 2023 में सब इंस्पेक्टर पद पर भरती हुई थी। रिचा ने मेरठ पीटीएस में 13 मार्च 2023 से लेकर 16 मार्च 2024 तक सब इंस्पेक्टर की ट्रेनिंग की। इसके बाद कवि नगर थाने की शास्त्री नगर उनकी पहली पोस्टिंग थी। रिचा की शादी अगले साल होने की जानकारी उनके भाई और परिजनों ने दी है। रिचा थाना सजेती क्षेत्र गांव असधना की रहने वाली थी। रिचा के पिता रामबाबू सचान किसान और मां गृहणी हैं। रिचा की एक बहन और तीन भाई हैं। बड़े भाई कपिल सिंचाई विभाग में जेई हैं। दूसरे नंबर के भाई विकास फतेहपुर में टीचर, तीसरा भाई विनय हरिद्वार में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। बड़ी बहन विभा की शादी हो चुकी है और रिचा कि अगले साल शादी होनी थी। पिता रामबाबू का कहना है कि रिचा आईएएस बनना चाहती थी और उसकी भी पढ़ाई करती रहती थी।

# महिला उपनिरीक्षक की सड़क हादसे में मौत के बाद भी नहीं चेते पुलिसकर्मी

## बिना हेलमेट के अभी भी जान जोखिम में डालकर कर रहे हैं दोपहिया वाहनों पर सफर

### इधर चल रहा था अभियान और उधर धज्जियां उड़ा रहे थे खाकी वाले

### - प्रमुख स्थानों पर बिना हेलमेट के नजर आए पुलिसकर्मी











करंट क्राइम लाइव

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सोमवार को पुलिस कमिश्नरेट में 2023 बैच की महिला उप निरीक्षक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। उसकी मौत के बाद भी सड़क पर दोपहिया वाहनों में सफर करने वाले पुलिसकर्मी हेलमेट का प्रयोग नहीं कर रहे हैं। हालांकि मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस गाजियाबाद द्वारा बड़े स्तर पर हेलमेट का प्रयोग नहीं करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। तो इस दौरान 55 पुलिस कर्मियों को भी कार्रवाई का शिकार बनाया गया है। इसके बावजूद यातायात व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले पुलिसकर्मियों की कमी नहीं है। दैनिक करंट क्राइम की टीम ने शहर के कई प्रमुख स्थानों का दौरा किया और कैमरे में फोटो कैद की हैं, जिसमें पुलिसकर्मी नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। वह हेलमेट नहीं लगा रहे हैं और जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे हैं। बता दें कि महिला उपनिरीक्षक की सड़क हादसे में मौत में हेलमेट नहीं लगाना बड़ा कारण बताया जा रहा है।

### महिला पुलिसकर्मियों से लेकर चीता वाले भी तोड़ रहे हैं नियम



करंट क्राइम : मंगलवार को करंट क्राइम के कैमरे में कई ऐसे पुलिसकर्मी भी कैद हुए हैं, जो चीता और पुलिस के सरकारी वाहनों पर थे और यातायात नियमों को उल्लंघन कर रहे थे। एक चीता पर दोनों पुलिसकर्मी हेलमेट नहीं लगाए थे, तो एक पर पीछे बैठा पुलिस कर्मी बिना हेलमेट के था। इसके साथ ही थाने और चौकी के काम में लगे रहने वाले पुलिसकर्मी भी बिना हेलमेट देखे गए हैं। कुल मिलाकर एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने कहा है कि आने वाले दिनों में इस अभियान को निरंतर जारी रखा जाएगा और पुलिस के कर्मचारियों के खिलाफ भी सख्त एक्शन होगा।

### कमिश्नरेट में हेलमेट न लगने वाले 55 पुलिसकर्मियों के काटे गए चालान

### प्रमुख चौराहों पर चलाया गया अभियान, एडीसीपी ट्रैफिक रहे मौजूद



गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में मंगलवार को एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद की अगुवाई में पुलिस कमिश्नरेट के प्रमुख चौराहों जिसमें पुलिस लाइन का गेट, हापुड़ चुंगी, मोहन नगर चौराहा, लाल कुआं, पुराना बस अड्डा, राज चौपला मोदीनगर, लोनी तिराहे पर बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों और पीछे बैठी सवारी द्वारा हेलमेट न पहनें होने पर अभियान चलाया गया। इस दौरान उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कुल 1468 वाहन चालकों का चालान बिना हेलमेट के किया गया है। खास बात यह है कि इस अभियान के तहत 55 पुलिसकर्मियों के विरुद्ध भी चालान की कार्रवाई की गई है। यह वह पुलिस कर्मी थे, जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना था या उनके पीछे बैठी सवारी यातायात नियमों का उल्लंघन कर रही थी। बता दें की रविवार की रात कवि नगर थाना क्षेत्र में महिला उप निरीक्षक की सड़क हादसे में दुखद व दर्दनाक मौत हो गई थी। जिसके बाद यातायात पुलिस द्वारा पुलिस कर्मियों की सुरक्षा और जीवन रक्षा को लेकर यह अभियान चलाया गया। इस अभियान में खासतौर पर पुलिसकर्मियों को टारगेट पर लिया, जो हेलमेट नहीं लगा रहे थे।

#### बोले पुलिस के अधिकारी जारी रहेगा अभियान, सख्ती से होगा पालन

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एडीसीपी यातायात सच्चिदानंद का कहना है कि यातायात पुलिस द्वारा सड़क हादसों में कमी लाने के मकसद से दो पहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने का निर्देश अब प्रभावी रूप से अपनाया जाएगा। इस दौरान पुलिसकर्मियों को भी मोहलत नहीं दी जाएगी। बिना हेलमेट के चलने वाले पुलिसकर्मियों का भी चालान किया जाएगा। साथ ही उन्हें चेतावनी भी दी जा रही है ,यह अभियान वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश पर है जो आगे भी जारी रहेगा।

#### अधिकारी बोले हेलमेट का प्रयोग पुलिस से बचने के लिए नहीं, अपने जीवन की सुरक्षा के लिए पहनें



करंट क्राइम : मंगलवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बड़ी संख्या में प्रमुख चौराहों पर यातायात और सिविल पुलिस के साथ बिना हेलमेट वाले अभियान को चलाया गया। इस दौरान पुलिस के अधिकारियों ने आम लोगों और पुलिस से कहा है कि हेलमेट का प्रयोग पुलिस से बचने के लिए नहीं बल्कि अपने जीवन की सुरक्षा के लिए अवश्य करें।

# महाराष्ट्र में आफत की बारिश, अब तक 14 लोगों की मौत

## मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस बोले- अगले 48 घंटे बेहद अहम

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बीते कुछ दिनों से हो रही बारिश ने लोगों की आफत बढ़ा रखी है। राज्य में लगातार हो रही बारिश से अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि सैकड़ों लोगों को बचाया गया है। भारी बारिश के कारण बाढ़, सड़कें जाम होने और फसलों को व्यापक नुकसान हुआ है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने लोगों से कहा है कि आगामी 48 घंटे बेहद अहम हैं, वे सावधानी बरतें। प्रशासन भी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। सीएम ने बताया कि नांदेड़ जिले के बाढ़ प्रभावित गांवों से 290 से अधिक लोगों को बचाया गया है। क्षेत्र में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और सेना को तैनात किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने कम दबाव के क्षेत्र और मानसूनी हवाओं के तेज होने के कारण मूसलाधार बारिश हुई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग पुणे के वरिष्ठ वैज्ञानिक एसडी सनप ने कहा कि इस प्रणाली ने उत्तरी कोंकण से केरल तक फैली एक द्रोणिका को सक्रिय कर दिया है।





नांदेड़ जिले 290 से अधिक लोगों को बचाया गया है

इससे कोंकण, मध्य महाराष्ट्र और घाटों पर बहुत भारी से लेकर अत्यंत भारी बारिश हो रही है, जबकि राज्य के बाकी हिस्सों में मध्यम वर्षा हो रही है।

आईएमडी ने अगले दो दिनों तक मुंबई सहित कोंकण और मध्य महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान जताया है, जबकि मराठवाड़ा और विदर्भ में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

# सुदर्शन रेड्डी होंगे उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार, राधाकृष्णन को देंगे चुनौती

**नई दिल्ली।** पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इनके नाम का एलान किया। उन्होंने बताया कि विपक्ष ने एकमत होकर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के नाम पर सहमति जताई है। इससे पहले विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं ने उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के नाम पर फैसला लेने और उसकी घोषणा करने के लिए 10 राजाजी मार्ग पर बैठक की थी। बैठक के बाद विपक्ष ने उनके नाम का एलान किया। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी 21 अगस्त को अपना नामांकन दाखिल करेंगे।




मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, 'बी. सुदर्शन रेड्डी भारत के सबसे प्रतिष्ठित और प्रगतिशील न्यायविदों में से एक हैं। उनका एक लंबा और प्रतिष्ठित कानूनी करियर रहा है। वे आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, गौहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में काम कर चुके हैं। वे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के एक निरंतर और साहसी समर्थक रहे हैं। वे एक गरीब हितैषी व्यक्ति हैं। यदि आप उनके कई फैसले पढ़ेंगे, तो आपको पता चलेगा कि उन्होंने कैसे गरीबों का पक्ष लिया और संविधान व मौलिक अधिकारों की रक्षा की।'

**राजग के सीपी राधाकृष्णन से मुकाबला :** पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी का मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से होगा। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया है, जो आरएसएस पृष्ठभूमि वाले तमिलनाडु के एक अनुभवी भाजपा नेता हैं। विपक्षी गठबंधन की ओर से अपने नाम का एलान किए जाने के बाद उन्होंने कहा कि मैं सभी दलों से समर्थन की अपील करता हूं। तृणमूल कांग्रेस नेता डेरेक ओब्रायन के अनुसार, आम आदमी पार्टी (आप) भी उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए रेड्डी का समर्थन कर रही है।

**कौन हैं जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी? :** जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी का जन्म 8 जुलाई, 1946 को अकुला मायलाराम गांव, पूर्व इब्राहिमपट्टनम तालुका, रंगारेड्डी (आंध्र प्रदेश) में हुआ था। उनका नाता वर्तमान में कंदुकुर राजस्व मंडल के तहत आने वाले गांव के एक कृषक परिवार से रहा। उन्होंने हैदराबाद में पढ़ाई की और 1971 में उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद से कानून की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने 1971 में ही अधिवक्ता के रूप में अपनी पहचान बना ली। इसके बाद वे वरिष्ठ अधिवक्ता के. प्रताप रेड्डी के चैंबर में शामिल हुए।

उन्होंने हैदराबाद के नगर दीवानी न्यायालयों के साथ-साथ आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट में कई मामलों का निपटारा किया। वे 8 अगस्त, 1988 को आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट में सरकारी वकील के रूप में नियुक्त हुए। वे राजस्व विभाग के प्रभारी भी रहे और 8 जनवरी, 1990 तक इस पद पर बने रहे। इसके बाद वे कुछ समय के लिए केंद्र सरकार के अतिरिक्त स्थायी वकील के रूप में भी नियुक्त हुए।

जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी एवी एजुकेशन सोसाइटी की ओर से संचालित शैक्षणिक संस्थानों के सचिव और संवाददाता भी रहे।

# वोटर अधिकार यात्रा पहुंची नवादा, हिसुआ और वारिसलीगंज, जनता ने किया स्वागत

## राहुल-तेजस्वी ने चुनाव आयोग-भाजपा पर बोला हमला

**नवादा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव मंगलवार को वोटर अधिकार यात्रा के तहत नवादा जिले के हिसुआ, नवादा और वारिसलीगंज पहुंचे। गया-नवादा बॉर्डर (तुंगी) से प्रवेश करते ही महागठबंधन नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।




नवादा के भगत सिंह चौक पर आयोजित जनसभा में राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि एसआईआर के बहाने गरीबों के वोट काटे जा रहे हैं। चुनाव आयोग और भाजपा की साझेदारी से वोट चोरी हो रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि किसान सुबोध कुमार ने लोकसभा चुनाव में मतदान किया और पोलिंग एजेंट भी रहे, लेकिन अब उनका नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया गया है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि पहले आपका वोटर आईडी छीना जाएगा, फिर राशन कार्ड और अंत में जमीन। यह देश अडानी-अंबानी का नहीं, बल्कि किसानों और मजदूरों का है।

तेजस्वी यादव ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर जीवित लोगों को मृत घोषित कर रहे हैं। यह बीस साल की खटारा सरकार अब और नहीं चलेगी। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि एक बिहारी सब पर भारी। मोदी जी, हम तो खैनी में ही चुना रगड़ देते हैं। तेजस्वी ने बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली की बदहाल स्थिति पर एनडीए सरकार को घेरा और राहुल गांधी को अगला प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प दोहराया।

यात्रा में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के साथ वीआईपी प्रमुख मुकेश साहनी, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और पूर्व विधायक कौशल यादव भी मौजूद थे। महागठबंधन की इस वोटर अधिकार यात्रा से नवादा की सियासत गरमा गई है। वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के आरोपों से चुनाव आयोग कटघरे में है। भारी भीड़ और उत्साह ने राहुल-तेजस्वी के हमले को और धार दी। यात्रा वारिसलीगंज के बाद बरबीघा विधानसभा क्षेत्र की ओर बढ़ेगी।

# 40 मंजिला ऊंचे रॉकेट पर काम कर रहा इसरो, नारायणन ने दी जानकारी

## तैयारी जीत की : अंतरिक्ष में 75 टन भार लेकर जाएगा इसरो का रॉकेट!

### नारायणन ने ओस्मानिया विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही



**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख वी. नारायणन ने मंगलवार को कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी 40 मंजिला इमारत जितना ऊंचा रॉकेट बना रही है, जो 75 किलोग्राम का पेलोड पृथ्वी की निचली कक्षा में भेज सकेगा। नारायणन ओस्मानिया विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि इस साल इसरो के पास एनएवीआईसी उपग्रह, एन1 रॉकेट जैसी परियोजना हैं। साथ ही उसके पास अमेरिकी 6,500 किलोग्राम के संचार उपग्रह को भारतीय रॉकेट के जरिए कक्षा में भेजने का भी काम है। नारायणन ने कहा, क्या आप जानते हैं कि पहले रॉकेट की क्षमता क्या थी? डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने जो पहला लॉन्चर बनाया था, उसका वजन 17 टन था और यह 35 किलोग्राम का पेलोड पृथ्वी की निचली कक्षा में भेज सकता था। आज हम 75 हजार किलोग्राम पेलोड भेजने वाला रॉकेट बना रहे हैं, जिसकी ऊंचाई 40 मंजिला इमारत जितनी होगी।

नारायणन ने बताया कि इसरो इस साल प्रौद्योगिकी प्रदर्शन उपग्रह और भारतीय नौसेना के लिए बनाया गया सैन्य संचार उपग्रह जीसैट-7आर लॉन्च करने की योजना बना रहा है, जो मौजूदा जीसैट-7 (रुक्मिणी) उपग्रह की जगह लेगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल कक्षा में भारत के 55 उपग्रह हैं, जो अगले तीन-चार वर्षों में तीन गुना बढ़ जाएंगे। दीक्षांत समारोह में तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने नारायणन ने विज्ञान में डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की। उन्होंने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में नारायणन के योगदान की सराहना की।

# एएमयू यूनिवर्सिटी में हनुमान चालीसा पाठ का एलान

## डीयू छात्र संघ अध्यक्ष रौनक खत्री हिरासत में, गौरव नजरबंद

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) में हनुमान चालीसा के पाठ करने का हिंदू संगठनों ने एलान किया है। घोषणा करने वाले हिंदू रक्षा दल के प्रदेश संयोजक गौरव सिसोदिया को गाजियाबाद नगर कोतवाली ने नजरबंद कर लिया है। डीयू के छात्र संघ अध्यक्ष रौनक खत्री को टप्पल में हिरासत में लिया गया है। एलान को देखते हुए एएमयू सर्कल पर फोर्स तैनात कर दी गई है।



**हनुमान चालीसा पढ़ने की घोषणा करने वाले गौरव को गाजियाबाद में किया नजरबंद :** गाजियाबाद से एएमयू में हनुमान चालीसा पढ़ने के लिए आ रहे हिंदू रक्षक दल के प्रदेश संयोजक गौरव सिसोदिया को मंगलवार को उनके गाजियाबाद स्थित आवास पर नजरबंद कर दिया गया है। पुलिस ने उनके खिलाफ एक मुकदमा भी दर्ज किया है।

सोमवार को गौरव सिसोदिया ने घोषणा की थी कि वह एएमयू में जाकर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे, जिसके बाद अलीगढ़ पुलिस मंगलवार की सुबह से ही पूरी तरह अलर्ट पर थी। पुलिस ने यमुना एक्सप्रेसवे पर टप्पल क्षेत्र में और जीटी रोड पर गभाना टोल के पास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया था। दोपहर तक पुलिस गौरव सिसोदिया के आने का इंतजार करती रही, लेकिन बाद में यह सूचना मिली कि उन्हें गाजियाबाद में ही उनके घर पर नजरबंद कर दिया गया है।

हिंदू रक्षक दल के राष्ट्रीय संयोजक पिंकी चौधरी ने इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को गौरव सिसोदिया को उनके घर से निकलने नहीं दिया गया और उनके खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया है, जिसकी वजह से वह अलीगढ़ नहीं पहुंच पाए।

**एएमयू आ रहे दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष रौनक खत्री हिरासत में :** एएमयू के छात्रों के धरने के समर्थन में आ रहे दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) छात्रसंघ अध्यक्ष रौनक खत्री को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उन्हें टप्पल थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर रोका गया।

# दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने बाढ़ प्रबंधन का किया निरीक्षण

## बोलीं- चिंता की बात नहीं, हम आपके साथ

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में बाढ़ के खतरे के बीच सीएम रेखा गुप्ता ने आज दिल्ली के यमुना बाजार क्षेत्र का दौरा कर बाढ़ प्रबंधन और प्रशासनिक तैयारियों का निरीक्षण किया। साथ ही सीएम रेखा गुप्ता ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं।



सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि सुबह कुछ समय के लिए यमुना का जलस्तर 206 मीटर को छूने की संभावना थी, लेकिन स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। यह इलाका यमुना के फ्लड प्लेन का लो-लाइन क्षेत्र है इसलिए पानी यहां तक पहुंचा। दिल्ली में बाढ़ जैसी कोई भी स्थिति नहीं है। यह जलस्तर का अधिकतम चढ़ाव था और अब पानी उतरने की दिशा में है। सीएम ने कहा कि कंट्रोल रूम से लगातार हालात की निगरानी की जा रही है। राहत और बचाव दल पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात हैं जिससे हर स्थिति से निपटा जा सके।

सीएम ने आगे कहा की मैं दिल्लीवासियों को आश्वस्त करना चाहती हूँ कि सरकार हर कदम पर आपके साथ खड़ी है। आपकी सुरक्षा और सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए किसी भी तरह की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

# टोल पर मारपीट का मामला: सेना के जवान के अपमान पर उमड़ी भीड़, ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**मेरठ।** मेरठ में सेना के जवान कपिल की टोल कर्मचारियों द्वारा पिटाई का वीडियो वायरल हुआ तो सोमवार को दिन निकलते ही भूनी टोल पर भीड़ उमड़ पड़ी। जवान के सम्मान के लिए लोग सड़क पर उतर आए। दिनभर हंगामे के बाद शाम को अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना खत्म कर दिया। हालांकि ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर 48 घंटे में कार्रवाई नहीं होती, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे।



सरधना के पूर्व विधायक ठाकुर संगीत सोम भूनी टोल प्लाजा पर ग्रामीणों के धरने प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने एसपी देहात से कहा कि चद्दर तान कर मत सोओ, मेरठ में गुंडागर्दी चरम पर है। अब भाजपा का शासन है, गुंडई नहीं चलेगी। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर नाराजगी जताई और चेतावनी दी कि अगर टोल प्लाजा के मैनेजर समेत सभी आरोपियों के खिलाफ 24 घंटे में कार्रवाई नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन धरना देंगे।

पूर्व विधायक ने एसपी देहात राकेश मिश्रा, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, एसडीएम उदित नारायण सेंगर सहित अन्य अधिकारियों को सड़क पर ही बैठा लिया। उन्होंने कहा कि यह समाजवादी पार्टी या बहुजन समाज पार्टी की सरकार नहीं है। यहां योगी आदित्यनाथ की सरकार है, जहां गुंडई नहीं चल सकती। उन्होंने यह भी कहा कि यदि दोषियों को जल्द जेल नहीं भेजा गया, तो वे स्वयं धरने पर बैठेंगे और उनके साथ एक लाख से अधिक लोग सड़क पर उतर आएंगे। सिवालखास के पूर्व विधायक जितेंद्र सतवाई भी मौजूद रहे।

**भगवान भरोसे चल रहा मेरठ :** एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, तो संगीत सोम ने कहा कि सेना के जवान का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व विधायक का यह बयान सुनकर माहौल और अधिक गर्म हो गया। हालांकि स्थिति नियंत्रण में रही।

संगीत सोम ने कहा कि मेरठ जिला भगवान भरोसे चल रहा है। अधिकारी नींद में हैं और गुंडई चरम पर है, लेकिन अब ऐसा नहीं चलेगा।

# जौनपुर में आठ पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज

## जन्माष्टमी पर फिल्मी गाने पर डांस मामले में निलंबित



**जौनपुर।** जन्माष्टमी पर बदलापुर कोतवाली में आयोजित कार्यक्रम में एक फिल्मी गाने पर डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस मामले में मंगलवार को आठ पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया। इससे पहले मामले का संज्ञान लेते हुए एसपी डॉ. कौस्तुभ ने थानाध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय को निलंबित किया था। साथ ही जांच एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव को सौंपी थी।

**ये था मामला :** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जहां एक तरफ जिले के विभिन्न थानों पर झांकी डांस व गायकों द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति की गई, वहीं बदलापुर कोतवाली में फिल्मी गाने पर डांस हुआ था। जैसे ही थाना प्रभारी बदलापुर अरविंद कुमार पांडेय पूजा पाठ के लिए तैयार होने गए, उसी समय स्टेज के सामने सिविल ड्रेस में मौजूद कुछ पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों द्वारा भोजपुरी गीत की फर्माइश की गई। स्टेज पर डांस कर रही नर्तकियों ने भोजपुरी गाने पर तो नहीं लेकिन आम तौर पर आर्केस्ट्रा में बजाए जाने वाले फिल्मी गाना मुझे नौ लक्खा मंगा दे... पर डांस किया। स्टेज के सामने बैठे लोग भी इस गाने पर झूमने लगे। इसी बीच उसी भीड़ में बैठे किसी व्यक्ति ने इसका वीडियो बना लिया और रविवार को दोपहर में इस सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो को संज्ञान में लेते ही तत्काल प्रभाव से एसपी डॉक्टर कौस्तुभ ने थाना प्रभारी बदलापुर अरविंद कुमार पांडेय को लापरवाही मानते हुए तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित कर दिया था।

**NAME CHANGED**

I, Ravender Bhat, son of Jager Nath Bhat, resident of Flat No.-A-1/903, 9th Floor, Saviour Park, Mohan Nagar, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201007,I have changed my name from Ravender Kumar Bhat / Ravinder Kumar Bhat to Ravender Bhat. In future, I shall be known and recognized by this name only.

**NAME CHANGED**

I, Santosh Bhat, wife of Ravender Kumar Bhat, resident of Flat No.-A-1/903, 9th Floor, Saviour Park, Mohan Nagar, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201007, I have changed my name from Santosh Kumari Bhat and Santosh Kumari Ganjoo to Santosh Bhat. In future, I shall be known and recognized by this name only.

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने मुलाकात

## अस्पताल की सुविधा से लेकर बुनियादी ढांचे की मजबूती पर हुई बात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अनिल अग्रवाल राज्यसभा सांसद रहे और वो एक ऐसे राज्यसभा सांसद रहे हैं, जिन्होंने अपनी पारी को पूरी लोकसभा में बड़ी जिम्मेदारी से खेला है। जब वो राज्यसभा सांसद थे तब भी और जब वो पूर्व हो चुके हैं तब भी उनका दर हमेशा क्षेत्र की जनता के लिये खुला रहता है।

समस्या कैसी भी हो वो समाधान कराने का प्रयास करते हैं। लोग तो वो दिन याद करते हैं जब एक फोन पर ही काम होता था और आज भी अनिल अग्रवाल की कार्यशैली ऐसी है कि वो किसी भी व्यक्ति को काम के लिये चक्कर कटाने में विश्वास नहीं रखते। प्रथम प्राथमिकता पर काम करते हैं और सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि हमेशा चेहरे पर सौम्य मुस्कान और विनम्र व्यवहार के साथ बात करते हैं।

पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। अब पूर्व राज्यसभा सांसद ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की है तो निश्चित रूप से इसके अर्थ हैं। सियासत वालों के मुलाकात के क्या मायने हैं और जब मुलाकात हुई है तो क्या बात हुई है, इस बात को जानने के लिये दैनिक करंट क्राइम ने पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल से बात की।

यहां पर पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने कहा कि यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी औरइस मुलाकात के दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश के चहुंमुखी विकास, औद्योगिक विकास और जनसुविधाओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। दैनिक करंट क्राइम ने जब पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल यह पूछा कि क्या इस मुलाकात में गाजियाबाद को लेकर भी कोई बात हुई तो उन्होंने कहा कि मुलाकात हो और अपने शहर के विकास की बात ना हो ऐसा नहीं हो सकता है।

पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री से हुई इस मुलाकात में उन्होंने गाजियाबाद में अस्पताल और बेहतर सरकारी चिकित्सा सुविधाओं का मुद्दा रखा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र की जनता का एक जरूरी सवाल है। यदि चिकित्सा सुविधा बेहतर होती है तो एक बड़ी आबादी को राहत मिलती है। प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार ने गाजियाबाद में कई चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं, लेकिन मेरा मानना है कि बढ़ती हुई आबादी के अनुपात में अभी इस दिशा में काम किया जाना बाकी है। यदि सरकार इस अनुरोध पर विचार करती है तो गाजियाबाद में चिकित्सा सुविधाएं बढ़ जाएंगी। पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल कहा कि मुख्यमंत्री से हुई 10 मिनट की इस मुलाकात में गाजियाबाद के बुनियादी ढांचे यानी बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने पर भी चर्चा हुई। गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश सरकार ने कई आमूल-चूल परिवर्तन किये हैं और इसका असर विकास के ढांचे पर दिखाई देता है, लेकिन दिल्ली से सटे होने और एनसीआर का हिस्सा होने के चलते यहां आने वाले समय में अभी भी कई जनसुविधाएं और आनी बाकी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां के बुनियादी ढांचे की हालत को बहुत ही सकारात्मक रूप से सुधारा है। आज शहर की कनेक्टिविटी देखें तो रैपिड रेल से लेकर मेट्रो और हाइवे, एक्सप्रेस-वे से लेकर एक अलग शहर नजर आता है। पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि बुनियादी ढांचे के लिये और अधिक योजनाएं तैयार की जाए, इन पर काम किया जाए। पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास के सुझावों को बहुत ही ध्यान से सुना और इस पर प्राथमिकता से निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

# बोले सांसद अतुल गर्ग, बहू कितनी भी अच्छी हो मगर सास कमी निकालती है




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का अंदाज संसद से लेकर सड़क तक अलग ही रहता है। वो देश में हों या विदेश में हों, अपने अंदाज से वो तनाव वाले माहौल में भी चेहरों पर मुस्कान ला देते हैं। जब वो पहली बार लोकसभा में गए थे तो आज भी लोगों को उनका लौटकर आना और माइक पर जय बोलना याद है। सांसद अतुल गर्ग ने लोकसभा के मानसून सत्र में विपक्ष के विरोध को सास-बहू वाले फ्रेम में रख दिया। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि विपक्ष का प्रदर्शन सिर्फ सदन को बाधित करने के लिये है।

उन्होंने कहा कि ये तो जबर्दस्ती की बात हो गई कि ह्यमान ना मान मैं तेरा मेहमानह्न। उन्होंने कहा कि विपक्ष का रवैया ऐसा है कि मुझे तो शिकायत करनी ही करनी है। इस बात को कहते हुए लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने विपक्ष को एक ऐसी सास की संज्ञा दी और सरकार को बहू बताया। उन्होंने कहा कि विपक्ष उस सास की तरह बिहैव कर रहा है जिसमें बहू कितनी भी अच्छी हो लेकिन सास को कमी निकालनी ही निकालनी है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने चुनाव आयुक्त के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के सवाल पर कहा कि अगर विपक्ष को प्रस्ताव लाना है तो उसे लाना चाहिए, लेकिन कम से कम मानसून सत्र में लोकसभा की कार्यवाही तो चलने दें, सदन तो चले। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वैसे तो विपक्ष संविधान की किताब को सिर पर रखने की बात कहेगा और फिर उसी संविधान के तहत आने वाली लोकसभा के सदन को चलने भी नहीं देगा।

लोकसभा सांसद अतुल गर्ग विपक्ष पर आरोप लगाया कि विपक्ष के नेता सत्र में बाधा उत्पन्न कर संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। यहां पर सांसद अतुल गर्ग कहा कि लोकसभा पूरे देश की आवाज है और यहां अलग-अलग लोकसभाओं से सांसद चुनकर आए हैं। ये सभी सांसद अपने-अपने क्षेत्र की जनता हैं, लेकिन विपक्ष इस जनता को अपनी बात रखने नहीं दे रहा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लोग अपने सांसदों से सवाल पूछते हैं और सांसद उन बातों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिये संसद में सवाल पूछते हैं, मगर जब सदन की कार्यवाही बाधित की जाएगी तो जनता की आवाज कैसे लोकसभा में रखी जाएगी। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि यहां हमारे जैसे भी सांसद हैं, जो पहली बार संसद पहुंचे हैं और हमारे पास अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर बहुत सवाल हैं, लेकिन विपक्ष सदन की कार्यवाही को बाधित करने के प्रयास में हम जैसे सांसदों को भी सदन में आवाज नहीं उठाने दे रहा है। विपक्ष का ये कदम किसी भी दृष्टि से अच्छा नहीं है।

## शिव की जटा से निकलने वाले जल से होगा 'शवों' का अंतिम स्नान

# निगम करा रहा है हिंडन श्मशान घाट का सौंदर्यकरण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा हिंडन नदी के समीप स्थित श्मशान घाट को व्यवस्थित करने तथा सौंदर्यकरण करने का कार्य तेजी से चल रहा है जिसके अंतर्गत आधुनिक शवदाह गृह का कार्य भी लगभग 80% पूर्ण हो चुका है। सितंबर माह में निगम द्वारा शुरूआत की जाएगी। कम धुआं देने वाले आधुनिक दाह संस्कार संयंत्र स्थापित हो चुके हैं। दो संयंत्र गैस के तथा एक संयंत्र लकड़ी वाला लगाया गया है जिसमें विशेष रूप से गोबर की बनी हुई लकड़ी का इस्तेमाल किया जाएगा। ग्रीन रेवोल्यूशन फाउंडेशन के माध्यम से तेजी से कार्य कराया जा रहा है। मोक्ष स्थल पर शव यात्रा के साथ आए हुए लोगों के बैठने के लिए भी पर्याप्त स्थान बनाया जा रहा है तथा हिंडन शमशान घाट का सौंदर्य करण भी किया जा रहा है।

### लकड़ियों की खपत होगी कम, पर्यावरण को मिलेगा लाभ : नगर आयुक्त

करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के क्रम में गाजियाबाद नगर निगम लगातार कार्य कर रहा है। शमशान घाट पर 40 से अधिक प्लेटफॉर्म बने हुए हैं जिनमें एक बार में 400 से 500 किलो लकड़ियों के माध्यम से अंतिम संस्कार की कार्यवाही की जाती है जिसमें कुछ सुधार करते हुए गाजियाबाद नगर निगम तीन आधुनिक तकनीकी के दाह संस्कार संयंत्र लगाए गए हैं जिनके माध्यम से हिंदू धर्म की सभी क्रियाएं भी पूर्ण रूप से हो सकेंगे। दाह संस्कार के समय लकड़ी की कम खपत होगी, केवल 80 से 100 किलो लकड़ी के माध्यम से दाह संस्कार संभव हो जाएगा। इस प्रकार एक शव दाह संस्कार से 2 वृक्षों को बचाया जा सकेगा तथा धुआं भी कम होगा, दो संयंत्र सीएनजी के हैं। इन संयंत्र के माध्यम से केवल ढाई से 3 किलो ही राख निकलेगी, गाजियाबाद नगर निगम द्वारा की जा रही इस पहल से पेड़ों तथा नदियों की सुरक्षा होगी पर्यावरण को लाभ मिलेगा।

### हरित शवदाह गृह का कार्य हुआ पूर्ण, सितंबर माह में होगी शुरुआत

करंट क्राइम। मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी द्वारा बताया गया कि शमशान घाट पर अन्य प्लेटफार्म की भी मरम्मत का कार्य भी लगातार जारी रहता है। प्रकाश, उद्यान, जलकल व स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी हिंडन नदी शमशान घाट पर नियमित कार्य किया जाता है। निर्माण विभाग द्वारा हिंडन शमशान घाट पर एंट्री गेट तथा कार्यालय भी बनाया गया है।

हिंडन शमशान घाट पर शंकर भगवान की भव्य प्रतिमा भी लगाई गई है जिनकी जटा से निकलने वाले जल से शव का अंतिम स्नान भी किया जा सकेगा। लगाये जा रहे हरित शवदाह गृह के माध्यम से हिंदू रीति रिवाज को पूर्ण करते हुए अंतिम संस्कार की कार्यवाही भी की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि हरित शवदाह गृह का कार्य हुआ पूर्ण, सितंबर माह में शुरुआत होगी।




# 'प्रेमिका बनी हत्यारन'

# पुराने प्रेमी को नए प्रेमी के साथ मिलकर उतारा मौत के घाट

### क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने खोला हत्या का केस




### अवैध संबंधों में हुई हत्या का खुलासा, लिव-इन में रहने वाली महिला और प्रेमी गिरफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के ग्रामीण जोन की थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने एक हत्या के मामले का खुलासा किया है। हत्या के इस मामले में पुलिस ने मृतक की महिला मित्र और महिला मित्र के साथी को गिरफ्तार किया है। युवक की हत्या अवैध संबंधों की वजह से की गई थी। इस मामले में जांच के बाद सामने आया है कि प्रेमिका हत्यारन बन गई और पुरान प्रेमी को नए के साथ मिलकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने जिस महिला बेबी कुमारी को गिरफ्तार किया है वह संजय नाम के व्यक्ति के साथ किराए के मकान में रह रही थी।

पहले उसके रोहित नाम के व्यक्ति के साथ भी अवैध संबंध थे और वह संजय के साथ लिविंग में रह रही थी। रोहित लगातार शादी का दबाव बना रहा था, इसीलिए बेबी और संजय ने उसकी मिलकर हत्या की ओर शव को सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गए थे। शुरूआती जांच में पुलिस को मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले तो पुलिस इसे साधारण मौत मनाकर चल रही थी, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटना मौत का कारण निकला। जिसके बाद पुलिस ने पूछताछ की और सीसीटीवी फुटेज खंगाली और सर्विलांस के जरिए महत्वपूर्ण सुराग लगे हैं। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल का कहना है कि इस मामले में महिला और उसके साथी को गिरफ्तार किया गया है।

### अवैध संबंध बने हत्या की वजह

करंट क्राइम : एसीपी वेव सिटी प्रियश्री पाल ने जानकारी दी है कि बेबी पहले रोहित के साथ संपर्क में थी। उसके उससे शारीरिक संबंध थे, रोहित लगातार शादी की जिद कर रहा था और वर्तमान में बेबी- संजय जो कि उसका मकान मालिक भी है उसके साथ संपर्क में थी और उससे संबंध थे। इसको लेकर बीते दिनों बेबी और रोहित का झगड़ा हुआ था। जिसके बाद बेबी और संजय ने मिलकर रोहित की तकिया से गला दबाकर हत्या की थी और फिर शाम को ठिकाने लगा दिया था।

### ई-रिक्शा में अस्पताल ले जाने के नाम पर रखा था शव

करंट क्राइम : पुलिस की जांच में सामने निकल कर आया है कि बेबी और उसके लिविंन पार्टनर संजय ने रोहित की लाश को ई- रिक्शा में अस्पताल ले जाने के बहाने बुक किया था। फिर उसे 200 रूपये देकर रास्ते में छोड़ दिया। कहा अब हम एंबुलेंस से लेकर जाएंगे और उसे मौके से भगा दिया था। यह पूरा मामला क्रॉसिंग रिपब्लिक की चित्रावन सोसायटी का निकला है। जहां लिविंग में रहने वाली बेबी नाम की महिला ने अपने साथी संजय के साथ मिलकर पूर्व लिविंन पार्टनर रोहित की हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# पुलिस कमिश्नर ने गठित की वरिष्ठ नागरिक सेल

# प्रत्येक थाने में बनेगा वरिष्ठ नागरिकों का रजिस्टर

## महिला आईपीएस अधिकारी एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना की देखरेख में संचालित रहेगी सेल



**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम को बेहतर ढंग से चलने और वरिष्ठ नागरिकों को परेशानी ना हो उनको थानों और पुलिस कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। इसके तहत पूर्व से चलाए जा रहे हैं ऑपरेशन सवेरा को भी प्रभावी व सक्रिय बनाया जाएगा।

वरिष्ठ नागरिकों के साथ अपराध, धोखाधड़ी होने पर उन्हें त्वरित मदद मिले, इसके लिए वरिष्ठ नागरिकों से संपर्क करने और रजिस्टर बनाने के पुलिस कमिश्नर द्वारा निर्देश दिए गए हैं। साथ ही एडिशनल सीपी मुख्यालय कल्पना सक्सेना की देखरेख में सेल संचालित की जाएगी और कई अन्य पुलिस अधिकारियों को भी इसकी रूपरेखा बनाने, बेहतर ढंग से संचालित और पर्यवेक्षण करने का निर्देश दिया गया है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का कहना है कि ऑपरेशन सवेरा को आगे बढ़ते हुए वरिष्ठ नागरिक सेल बनाई गई है ताकि शहर के वरिष्ठ नागरिकों को इसका लाभ मिल सके।

### बीट अफसर जुटाएंगे वरिष्ठ नागरिकों का डेटाबेस

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में ऑपरेशन सवेरा के तहत जो वरिष्ठ नागरिक सेल गठित की जा रही है, उसमें कमिश्नरेट के प्रत्येक थाने में वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपनिरीक्षक स्तर पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। जो वरिष्ठ नागरिकों से सीधा संपर्क कर सकेगा। साथ ही इलाके के बीट प्रभारियों को ऐसे वरिष्ठ नागरिकों के नाम, पता, मोबाइल नंबर, जन्मतिथि ,पारिवारिक विवरण और प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक की सुरक्षा को लेकर जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही बीट प्रभारी अपने क्षेत्र में भ्रमण के दौरान अलग-अलग कार्य दिवसों में वरिष्ठ नागरिकों से भी संपर्क करेंगे। उनका फोन नंबर लेने के साथ ही फोटो भी लेंगे।



### डीसीपी मुख्यालय, एडीसीपी प्रोटोकॉल और एसीपी महिला अपराध भी बनाई गई है जिम्मेदार



करंट क्राइम : ऑपरेशन सवेरा के क्रम को आगे बढ़ते हुए वरिष्ठ नागरिक सेल गठित की गई है। तो इसमें जहां आईपीएस अधिकारी और एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना सेल को संचालित करने की मुख्य भूमिका निभाएंगी। तो उनके सहयोग के लिए डीसीपी मुख्यालय धवल जयसवाल, एडीसीपी प्रोटोकॉल आनंद कुमार और एसीपी महिला अपराध सलोनी अग्रवाल को नामित किया गया है। इनके द्वारा नोडल स्तर पर वरिष्ठ नागरिकों के साथ किसी प्रकार की परेशानी ना आए और उनको इधर-उधर न भटकना पड़े, इसको लेकर पूरी रणनीति ग्राउंड लेवल पर तैयार कर क्रियान्वित करने का काम करेंगे।



"वरिष्ठ नागरिकों को परेशान ना होना पड़े। अपराध होने पर उन्हें पुलिस के चक्कर न लगाने पड़े। इसके लिए वरिष्ठ नागरिक सेल गठित की गई है। जिसमें पुलिस के कई स्तर के अधिकारी निगरानी रखने का काम करेंगे।

जे रविंदर गौड,
पुलिस कमिश्नर, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद

## संपादकीय

# यह तो होता रहा है...

डोनाल्ड ट्रंप की अस्थिर नीतियों की वजह से भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर बातचीत अधर में लटक गई है। यह अनिश्चितता दोनों में से किसी भी देश के लिए ठीक नहीं। हालांकि अलास्का समिट में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन के प्रति ट्रंप का नरम रवैया थोड़ी उम्मीद जरूर जगाता है। असमंजस की स्थिति ट्रेड डील के लिए अमेरिकी अधिकारियों को इसी 25 तारीख को भारत आना था, लेकिन मौखिक तौर पर बताया गया कि अब यह विजिट नहीं होगी। अभी तक नई तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है, जिससे असमंजस बढ़ गया है। पहले माना जा रहा था कि अगस्त आखिर या सितंबर तक दोनों देश एक मिनी डील तक पहुंच जाएंगे। इसके लिए दोनों के बीच कई दौर की वार्ता भी हो चुकी है, लेकिन अब सबकुछ बिल्कुल थम जाना द्विपक्षीय रिश्तों के लिए सही नहीं।

संबंधों को नुकसान व्यापारिक समझौते में क्यों अड़चन आ रही है, इस बारे में अब सभी को पता है, लेकिन भारत की चिंताओं को समझने और बातचीत के जरिये समाधान निकालने के बजाय ट्रंप दबाव की रणनीति अपना रहे हैं। मौजूदा संकट इसलिए भी ज्यादा उलझ गया है, क्योंकि चीन की बढ़ती मनमानी को रोकने के लिए भारत को अहम साझेदार मानने के बावजूद अमेरिका आपसी संबंधों को नुकसान पहुंचाने वाले कदम उठा रहा है। हालांकि इतिहास पर नजर डालें, तो वॉशिंगटन के लिए यह नई बात नहीं लगती। पुरानी आदत 80 के दशक के आखिर में भी अमेरिका को व्यापार घाटे की चिंता सता रही थी और तब उसके निशाने पर जापान था। उसी दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति को यह अधिकार मिला कि अगर कोई देश अमेरिका के खिलाफ अनुचित व्यापार नीतियां अपनाता है, तो उस पर टैरिफ लगाया जा सके। लेकिन, यह अधिकार मिलने के बाद तत्कालीन वर प्रेजिडेंट जॉर्ज एचडब्लू बुश ने जापान के साथ-साथ भारत और अमेरिकी सहयोगियों - यूरोप, दक्षिण कोरिया व ताइवान पर भी एक्स्ट्रा टैक्स लाद दिया। 1989 में जब उन्होंने भारत को टारगेट किया था, तब भी सरकार का यही कहना था कि वह किसी दबाव में नहीं झुकेगी।

इतिहास से सबक अमेरिका फिर से इतिहास को दोहरा रहा है। ट्रंप चीन को सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी मानते हैं, लेकिन सबसे पहले समझौता उसी से किया। वहीं यूरोपीय संघ (एव) और भारत जैसे सहयोगियों के प्रति उनका रुख ज्यादा अड़ियल है। एव ने भले डील कर ली हो, पर उसके कई सदस्य देश इससे खुश नहीं हैं। ऐसे में भारत को ट्रंप प्रशासन से बात करते हुए अमेरिका के अतीत और आज के हालात, दोनों पर नजर रखनी होगी। यह डील अमेरिकी इकॉनमी के लिए भी उतनी ही जरूरी है, जितनी भारत के लिए।

## रोचक तथ्यों का करंट

- क्या आप जानते हैं? बांस का आकार प्रजातियों पर निर्भर करता है। बांस की सबसे बड़ी प्रजाति 1300 फीट की ऊंचाई तक पहुंच सकती है।
- बांस के फूल को शायद ही कभी देखा जा सकता है। आपको जानकर आश्चर्य होगा की बांस के कुछ प्रजातियों में 65 या 120 साल बाद फूल विकसित होते हैं। बांस के फूलों के बारे में दिलचस्प तथ्य यह है कि एक जैसी बांस प्रजाति के सभी पौधे एक ही समय में फूल विकसित करते हैं, चाहे वे दुनिया में कहीं भी हों।
- विशाल पांडा में मांस आधारित आहार के लिए सभी आवश्यक उपकरण हैं लेकिन यह एक जीन खो गया है जो उमामी रिसेप्टर के लिए एन्कोड करता है। मांस के लिए इनका कोई स्वाद नहीं है और इसीलिए ये खुशी–खुशी केवल बांस पर ही जीवित रहते हैं।
- कंबोडिया के कुछ हिस्सों में लोगों ने अपने जरुरी कामों को करने के लिए बांस से अपनी रेलगाड़ियों को बना दिया है, क्योंकि वहां नियमित रेल सेवाएं चलना बंद हो गई हैं।
- क्या आप जानते हैं? ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने 27 ब्रिटिश प्रधानमंत्री शिक्षित किए हैं।

## राशिफल

**मेष :** आज का समय मिलाजुला प्रभाव देता है। तरक्की और मान सम्मान पाने के लिए आज का दिन अच्छा है। आज आप धर्मी और आदर्शवादी बनेंगे।

**वृष :** आज आपको सबका सहयोग मिलेगा। इस राशि के नौकरीपेशा लोगों को नौकरी के अच्छे ऑफर मिलने के योग हैं। घर में खुशियों का माहौल रहेगा।

**मिथुन :** आज आपका वर्चस्ववादी स्वभाव आलोचना का कारण बन सकता है। आपका साहस आपको प्यार दिलाने में सफल होगा।

**कर्क :** आप अपने मन की बात अपने परिवार के किसी सदस्य से कह सकते हैं। इस समय आप अपनी सूझबूझ से सफलता प्राप्त करने में सफल होंगे।

**सिंह :** आज परिवार वालों के साथ खुशी के पल बिताएंगे। इस राशि के जो लोग सीए यानी चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं, उन्हें तरक्की के कई सुनहरे मौके मिलेंगे।

**कन्या :** आज चाहे कितनी भी मजबूरी क्यों न हो, कोई भी नकारात्मक निर्णय न लें। परिवार को समय देना बहुत जरूरी है।

**तुला :** आज आप भावनात्मक रूप से परेशान चल रहे हैं। परिवार में कलह बढ़ सकती है। परिवार में विवाद हो सकता है। आपको इस संबंध में अच्छे कदम उठाने चाहिए।

**वृश्चिक :** आज आपको परिवार के साथ अधिक समय बिताने का मौका मिलेगा। इस राशि के पुस्तक विक्रेता के लिए आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है।

**धनु :** आज स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां बनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल होंगे। यात्रा सुखद रहेगी। खुशी से समय व्यतीत होगा।

**मकर :** आज आप अपने खर्चों से परेशान रहेंगे। आपकी गलत जानकारी आपके रिश्ते को खराब कर सकती है। काम में अनुशासित रहने की बहुत जरूरत है।

**कुंभ :** आज किसी पुराने मित्र से मुलाकात होने की संभावना है। आप उनके साथ कहीं भी जा सकते हैं। पिता की मदद से आपका कोई जरूरी काम पूरा होगा

**मीन :** आज आपकी जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। लेकिन आप उन्हें पूरा करने में सक्षम होंगे। व्यापार–व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में काम की तारीफ होगी।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार सेंसेक्स 370 अंक चढ़ा, निफ्टी 24900 के पार




**नई दिल्ली।** मंगलवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स को 370.64 अंक उछलकर 81,644.39 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 103.70 अंक की बढ़त के साथ 24,980.65 पर बंद हुआ।

हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। मुख्य रूप से रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा मोटर्स के शेयरों में तेजी रही। विशेषज्ञों ने कहा कि दिवाली तक जीएसटी में बड़े सुधारों की योजना और भू-राजनीतिक चिंताओं में कमी से बाजार में आशावाद बना हुआ है।

लगातार चौथे कारोबारी दिन बढ़त के साथ, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 370.64 अंक या 0.46 प्रतिशत उछलकर 81,644.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 482.13 अंक या 0.59 प्रतिशत बढ़कर 81,755.88 पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 103.70 अंक या 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,980.65 पर आ गया।

# धीमे निवेश के बीच क्या बढ़ती खपत संभाल पाएगी भारतीय अर्थव्यवस्था?

**नईदिल्ली।** गोल्डमैन सैक्स की एक रिपोर्ट के अनुसार घरेलू और ग्रामीण खर्च ने विकास की गति को समर्थन देना जारी रखा है। हालांकि निवेश गतिविधि मौसमी और क्षेत्रीय चुनौतियों के कारण दबाव में बनी हुई है। भारत की मासिक उपभोग गतिविधि ने हाल के सप्ताहों में मजबूती के संकेत दिखाए हैं, जबकि निवेश से जुड़े संकेत अभी भी असमान बने हुए हैं। यह जानकारी उच्च आवृत्ति वाले आर्थिक आंकड़ों पर नजर रखने वाली गोल्डमैन सैक्स की एक रिपोर्ट में दी गई है।

### शहरी खपत में आई तेजी



रिपोर्ट में बताया गया कि जुलाई में शहरी खपत में तेजी आई है। इसका श्रेय यात्री वाहनों की अधिक बिक्री और पेट्रोल की मांग को जाता है। सकल जीएसटी संग्रह भी जुलाई की गिरावट से उबरते हुए क्रमिक रूप से बेहतर रहा, हालांकि साल-दर-साल आधार पर वृद्धि 7.5 प्रतिशत रही।

### हवाई यातायात में हुई वृद्धि

इसके अलावा अगस्त की पहली छमाही में हवाई यात्री यातायात में तेज उछाल देखा गया। इसका एक कारण स्वतंत्रता दिवस के आसपास बढ़ी छुट्टियों की यात्रा भी रही। ग्रामीण क्षेत्र में हुआ सुधार ग्रामीण क्षेत्र में गतिविधि संकेतकों में व्यापक सुधार दिखा। ट्रैक्टर पंजीकरण में 14 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि और कृषि निर्यात में 13 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। ग्रामीण आय में भी वृद्धि हुई, मई में वास्तविक कृषि मजदूरी वृद्धि 4.5 प्रतिशत तक पहुंच गई। यह आठ वर्षों में सबसे अधिक है।

### मौसम संबंधी समस्याओं का पड़ सकता है असर

सर्दियों की फसलों की अच्छी पैदावार, नियंत्रित खाद्य मुद्रास्फीति और कल्याणकारी खर्च में वृद्धि से आने वाले महीनों में ग्रामीण उपभोग को बढ़ावा मिल सकता है। हालांकि रिपोर्ट में मौसम संबंधी दबावों के बारे में चेतावनी दी गई है। इसके कारण कई क्षेत्रों में तापमान में वृद्धि हुई है और जुलाई में सब्जियों की कीमतों में अपेक्षा से अधिक तेजी आई है। कोयल उत्पादन में भारी गिरावट मानसून के कारण जुलाई में कोयला उत्पादन में भारी गिरावट आई। वहीं ऑटोमोबाइल और स्टील उत्पादन में वृद्धि हुई। स्टील उत्पादन 11 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के साथ बना रहा।

## चुटकुले

मरीज : डॉक्टर साहब, मुझे हर जगह भूत नजर आते हैं।
डॉक्टर : ये दवाई लो, सब ठीक हो जाएगा।
मरीज : दवाई कितने दिन खानी है?
डॉक्टर : मुझे क्या पता, जाकर भूतों से पूछ लो

टीचर : बेटा, पढ़ाई क्यों नहीं करते?
पप्पू : मैडम, बिजली नहीं थी।
टीचर : दिन में तो थी न?
पप्पू : दिन में तो मोबाइल चार्ज कर रहा था!

पत्नी : सुनिए, मैं मर गई तो आप क्या करेंगे?
पति : मैं भी पागल हो जाऊंगा!
पत्नी : शादी तो नहीं करोगे ना?
पति : पागलपन की भी तो हद होती है

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# आरबीआई ने 36000 करोड़ की सरकारी प्रतिभूतियों के लिए री-इश्यू जारी करने का किया ऐलान

## 22 अगस्त को नीलामी

**नई दिल्ली।** सरकार ने 22 अगस्त, 2025 को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से आयोजित नीलामी के जरिए 36,000 करोड़ रुपये की कुल अधिसूचित राशि के साथ दो सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) को फिर से जारी करने का एलान किया है। आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार पुनर्निर्गम (री-इश्यू) में 5.91 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूति (जीएस) 2028 के 6,000 करोड़ रुपये और 6.33 प्रतिशत जीएस 2035 के 30,000 करोड़ रुपये शामिल होंगे।

इसके अलावा, सरकार के पास दोनों प्रतिभूतियों में से प्रत्येक के खिलाफ 2,000 करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त सदस्यता बनाए रखने का विकल्प होगा। नीलामी आरबीआई के मुंबई कार्यालय में होगी। आरबीआई कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (ई-कुबेर) प्रणाली के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से बोलियां प्रस्तुत की जाएंगी। गैर-प्रतिस्पर्धी बोलियां सुबह 10:30 से 11:00 बजे के बीच स्वीकार की जाएंगी, जबकि प्रतिस्पर्धी बोलियां उसी दिन सुबह 10:30 से 11:30 बजे तक स्वीकार की जाएंगी।

प्रतिस्पर्धी बोलियां मुख्य रूप से बड़े संस्थानों द्वारा रखी जाती हैं, जहां वे उस उपज या मूल्य को उद्धृत करते हैं जिस पर वे खरीदना चाहते हैं, और आवंटन नीलामी में तय कट-ऑफ पर निर्भर करता है। छोटे निवेशकों और पात्र संस्थानों के लिए गैर-प्रतिस्पर्धी बोलियों को किसी भी उपज या मूल्य को उद्धृत करने की आवश्यकता नहीं होती है; इसके बजाय, प्रतिभूतियों को औसत नीलामी मूल्य पर आवंटित किया जाता है। सरकार ने पात्र व्यक्तियों और संस्थानों सहित गैर-प्रतिस्पर्धी बोलीदाताओं को आवंटन के प्रावधान भी रखे हैं। सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी में गैर-प्रतिस्पर्धी बोली सुविधा के तहत बिक्री की अधिसूचित राशि का 5 प्रतिशत तक आरक्षित रहेगा। सफल बोलीदाताओं को 25 अगस्त, 2025 को भुगतान करना होगा, जो पुनर्निर्गम की तिथि भी होगी।

भुगतान में मूल निर्गम या अंतिम कूपन भुगतान की तिथि से 24 अगस्त, 2025 तक अर्जित ब्याज शामिल होगा।



# तहसील बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने पंजीयन मंत्री को लिखा पत्र

## स्थानांतरण से होने वाली समस्याओं का दिया हवाला



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर-प्रदेश शासन द्वारा जनपद गाजियाबाद स्थित सदर तहसील में कार्यरत एवं नवनिर्मित एवं पूर्ण रूप से सुसज्जित कार्यालय उपनिबन्धक को वर्तमान स्थान से अन्यत्र राजस्व ग्राम नूरनगर परगना लोनी तहसील व जिला गाजियाबाद के खसरा नं0-396 में अव्यवहारिक रूप से स्थापित एवं स्थानांतरित किया जाना प्रस्तावित है।

यदि वर्तमान स्थान से कार्यालय उपनिबन्धकगण को अन्यत्र स्थान पर स्थापित किया जाता है तो पक्षकार अधिवक्तागण, दस्तावेज लेखकगण, स्टाम्प विक्रेतागण व टंककगण को भारी असुविधाओं का सामना करना पडेगा, जो निम्नवत है को जगह की भारी कमी रहेगी, जिससे अनावश्यक असुविधा रहेगी, साथ ही प्रस्तावित भूमि मुख्य चौडी सडक पर स्थित होने के कारण आये दिन मुख्य सडक पर वाहन खड़े होने से जाम की समस्या रहेगी तथा सुचारू आवागमन में व्यवधान उत्पन्न होगा, जिससे शान्ति व्यवस्था/कानून व्यवस्था के बिगडने की भी आशंका बनी रहेगी।

यह कि सभी जिलों में तहसील व सब रजिस्ट्रार कार्यालय एक साथ हैं, क्योंकि रजिस्ट्रियों को कराने के लिये सम्बन्धित गांव के लेखपाल से खसरे की नकल व तहसील के खतौनी काउंटर से खतौनी की नकल लेकर सब-रजिस्ट्रार कार्यालय से एक फार्म भरकर जमा करते है, तब सब रजिस्ट्रार कार्यालय से तहसीलदार महोदय को कृषि भूमि है या आवासीय भूमि को प्रमाणित कराने के लिये पत्र भेजा जाता है, जिस पर लेखपाल, कानूनगो, और तहसीलदार की आख्या लगती है, तब रजिस्ट्री हो पाना संभव हो पाता है।

वारिसान, आय प्रमाण-पत्र जाति प्रमाण-पत्र, हैसियत आदि-आदि के लिये क्षेत्रीय लेखपाल, कानूनगो और तहसीलदार की आख्या की आवश्यकता होती है। रजिस्ट्री होने के उपरान्त दाखिला खारिज कराने हेतू भी तहसील के ही क्षेत्रीय लेखपाल, कानूनगो, और तहसीलदार की आख्या की आवश्यकता है, अतः तहसील और सब रजिस्ट्रार कार्यालय एक साथ होना न्यायहित में अत्यन्त आवश्यक है, अन्यथा जनता को भयंकर परेशानी का सामना करना पडेगा।

कार्यालय उपनिबन्धकगण गाजियाबाद के स्थानांतरण हेतू प्रस्तावित स्थल शहर से बाहर होने के कारण व सार्वजनिक वाहन आदि की सुविधा न होने के कारण व क्षेत्र में कम आबादी होने से पक्षकारों व स्टाम्प विकेतागण की धनराशि की लूटपाट असुरक्षा की आशंका बनी रहेगी। अतः सद्भावनापूर्वक अनुरोध है कि कार्यालय उपनिबन्धकगण गाजियाबाद को वर्तमान स्थल से प्रस्तावित खसरा नं0-396 ग्राम नूरनगर परगना लोनी तहसील व जिला गाजियबाद में स्थानांतरित करने के अव्यवहारिक एवं जन विरोधी निर्णय पर सहानुभूतिपूर्वक पुर्नविचार कर कार्यालय उपनिबन्धकगण गाजियाबाद को वर्तमान स्थल पर ही सुचारू रूप से रखने के आदेश पारित करने की कृपा की जाये।

# पिपलेहड़ा, शेखपुर खिचड़ा में अवैध निर्माणों पर चला जीडीए का बुल्डोजर

## लगभग 60 हजार वर्ग मीटर एरिया में काटी जा रही थीं अवैध कालोनियां





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के अवैध निर्माणों/अवैध कालोनियों पर रोकथाम के लिए कार्रवाई किये जाने के निर्देशों के क्रम में मंगलवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-5 के नेतृत्व में क्षेत्रान्तर्गत दीपक यादव, संजय सिंह, राहुल यादव व साजेब तथा अन्य द्वारा खसरा सं0-1127, डासना निकट आई.एम.ई.एस. कॉलेज गाजियाबाद के लगभग 20,000 वर्ग मी0 में नाली, सड़क पर इन्टर लोकिंग टाईल, निर्झर मेहरोत्रा पुत्र स्व0 एच0एस0 मेहरोत्रा कृतिका गुप्ता पत्नी विकास गुप्ता, मौ0 यासीन पुत्र अब्दुल व सन्नी चौधरी पुत्र वीरेन्द्र चौधरी द्वारा खसरा सं0-787/2, 788, 790, 791 ग्राम पिपलेहडा व खसरा सं0-46 ग्राम शेखपुर खिचडा एन0टी0पी0सी0 रोड पर गोदरेज गोदाम के पीछे जिला-हापुड में लगभग 20,000 वर्ग मी0 भूमि पर अवैध रूप से सड़कें बनाकर बिजली के खम्भे, नाली आदि को ध्वस्त किया गया तथा हाजी रफीक व जुल्फिकार पुत्रगण अब्दुल कदीर आदि द्वारा मदरसा के सामने ईदगाह रोड ग्राम पिपलेहडा हापुड़ में लगभग 20,000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में मिट्टी भराव कर कच्ची सड़कें एवं ऑफिस/अवैध कालोनी को ध्वस्त कर दिया गया। उपरोक्त ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान अवैध निर्माणकर्ताओं/कालोनाईजरों द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया, लेकिन पुलिस व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की प्रभावी कार्रवाई के द्वारा नियन्त्रित करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। प्रभारी प्रवर्तन जोन-5 के द्वारा लोगों को सख्त निर्देश दिये गये कि बिना अनुमति प्राप्त किये गये किसी भी निर्माण को बक्शा नही जायेगा। उपरोक्त अनाधिकृत रूप से किये गये निर्माण के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्तागण एवं प्रवर्तन जोन-5 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्रवाई किये जाने का अभियान जारी रहेगा।




### पहले निकाले खोट और अब कर रहे हैं वो सपोर्ट

आस्था का वास्ता समय के साथ बदल रहा है। किस्सा शहर की सबसे पुरानी रामलीला से जुड़ा है और राम वाले भी कैश वाली कैशियर की इस लीला से हैरान है। मंडी वाले जब तक रामलीला के खजांची नहीं बने थे तब तक उन्हें हर मीटिंग में कैश वाले हिसाब को लेकर तैश आ जाता था। वो चुनाव लड़े तो उनका चुनावी मैनीफेस्टो ही यही था। मंडी वाली चुनाव जीत गये और कहानी का ट्विस्ट ये है कि जिनसे वो हिसाब मांग रहे थे वो उन्हीं के पैनल में कनिष्ठ उपाध्यक्ष बनकर आ गये। अब एक पैनल है तो सुर का चैनल भी एक हो गया है। जिन चौधरी साहब में कल तक खोट निकाले जा रहे थे अब उन्हीं चौधरी साहब के हिसाब को सपोर्ट किया जा रहा है। सुना है दोनों खजांची मिलकर एक साथ चाय पीते है। पहले वाले खजांची के हिसाब को नए वाले खजांची ने मान लिया और सितम ये है कि समिति के लेखा परीक्षक को पता ही नहीं है कि हिसाब हो गया। कमेटी वाले बता रहे हैं कि हिसाब में लोचा है या नहीं है। लेकिन हिसाब में चाचा है। अगर भतीजा इस बात को ईमानदारी से छेड़ेगा तो ईमान से फजीता बड़े वाला हो जायेगा। लिहाजा कैश वालों ने हाथ मिला लिये और मैम्बरों का तैश किसी काम नहीं आने वाला है।

### भगवान राम रखें ध्यान सामने वालों ने चुकाये हैं ज्यादा दाम

एक दौर था जब राम की लीला वाले पूरे मंचन के दौरान किरदार में उतर जाते थे। आहार से लेकर व्यवहार तक सात्विक होता था। फिर परम्पराओं वाली रामलीला में थियेटर वाली मैडम आ गईं और कहीं सीता ने रथ से हाथ हिला दिया तो कहीं किसी ने अपने हाथों से पान खिला दिया। होते-होते अब मामला वीआईपी कल्चर का भी आ गया है। इस बार जब रामलीला होगी तो मंच के साईड में वातानुकूलित कैबिन बनेंगे। कमेटी वाले इसका शुल्क कंपनी से लेंगे और इसमें सुविधा ये होगी कि एसी में बैठकर खाते पीते हुए राम लीला का आनंद लिया जा सकता है। राम को भी इस बात का पता रहेगा कि ये सामने बैठे लोग तो सिर्फ पब्लिक है और एक लाख का दाम चुका कर रामलीला देख रहे कैबिन वाले लोग ही सही मायनों में रिपब्लिक हैं। रामलीला में वीआईपी कल्चर का आगमन हो चुका है और थियेटर के बाद अब आधुनिकता ने यहां कदम रखा है। जब राम लीला वालों की नजर में सबकुछ ही दाम है तो फिर समझा जा सकता है कि राम का कितना लीला में योगदान है।

### आये थे राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए राजनाथ सिंह कार्यकर्ताओं के घर पर

बड़े नेता किसी के घर जाते हैं, नहीं जाते हैं, इस सवाल पर शब्दों का बवाल हो रहा है। बात फूल वालों में चली तो बताया गया कि राजनाथ सिंह उस समय राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष से बड़ा नेता कौन हो सकता है और सचिन सोनी तब भी देवतुल्य थे और आज भी देवतुल्य हैं। मगर उनके पिता के निधन पर शोक व्यक्त करने राजनाथ सिंह उनके घर तब गये थे जब वो राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। बताने वाले ने बताया कि दिवाकर सिंघल भी कार्यकर्ता हैं और लाल क्वाटर की वो सभा इस बात की गवाह है कि राजनाथ सिंह पैदल चलकर दिवाकर सिंघल के घर गये थे। बड़े नेता की बात करें तो राजनाथ सिंह बलदेव राज शर्मा की पत्नी का निधन होने पर उसी दिन उनके घर आये थे और तब आये थे जब बलदेवराज शर्मा दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री नहीं बने थे। बड़ा व्यक्तित्व है तभी तो वो सबके लिए आज भी माननीय जी कहलाते हैं। ऐसे ही नहीं उनके आने पर भाजपाई शार्ट नोटिस पर एकजुट हो जाते हैं।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 'दीक्षारंभ 2025' ओरिएंटेशन कार्यक्रम सम्पन्न





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के नवीन छात्रों के लिए दीक्षारंभ 2025 ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीपी रोलिंग मिल्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी प्रा.लि. के प्रबंध निदेशक पंकज खन्ना रहे। औपचारिक उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। एसडीईएस के चांसलर एवं चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अंकल अग्रवाल, प्रो-चांसलर नितिन अग्रवाल, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसांजीत कुमार, प्रो-वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रंजन ने छात्रों को संबोधित किया। मुख्य अतिथि पंकज खन्ना ने अपने कहा कि शिक्षा का अर्थ केवल पुस्तक तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यक्तित्व विकास, नैतिक मूल्य और व्यावहारिक ज्ञान भी उतने ही आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्योग जगत की चुनौतियों एवं अवसरों से अवगत कराते हुए सफलता के मंत्र साझा किए। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक बृजेंद्र सिंह ने प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट संबंधी प्रेजेंटेशन दिया। कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन अभिषेक पाल ने परीक्षा प्रणाली एवं मूल्यांकन की जानकारी दी। वहीं, डॉ. अंजु गौतम ने विभागीय ओरिएंटेशन सत्र प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन पर वंदना शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इसके बाद राष्ट्रगान एवं अल्पाहार के साथ औपचारिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन, संकाय सदस्य, छात्र-छात्राएँ एवं विशिष्ट अतिथि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# इस बार भी आईएमएस गाजियाबाद के छात्र-छात्राओं ने मारी बाजी

## चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ में मिलेगा गोल्ड मेडल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाजियाबाद लगातार नए-नए कीर्तिमान हासिल कर रहा है। इस वर्ष भी संस्थान के लगभग सभी कोर्सेज में 14 छात्र- छात्राओं ने चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ की परीक्षा में सबसे अधिक अंक प्राप्त कर यूनिवर्सिटी टॉप किया, जिसमें 6 स्वर्ण, 4 रजत एवं 4 कांस्य पदक शामिल रहे। यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान पर रहे छात्र छात्राओं को गोल्ड मेडल से पुरष्कृत किया जाएगा। ज्ञात हो की पिछले कई सालों से संस्थान के छात्र-छात्राऐं लगातार यूनिवर्सिटी टॉप करते आ रहे हैं। बीसीए की वंशिका शिशोदिया, बीजेएमसी की नैना, बीएससी बायोटेक्नोलॉजी की नंदिनी सिन्हा, बीबीए की श्रेया बंसल, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी की आस्था त्यागी एवं मास्टर ऑफ इंटरनेशनल बिजनेस की छात्रा खुशी चौधरी द्वारा सर्वाधिक अंक प्राप्त कर यूनिवर्सिटी टॉप किया गया। सभी टॉपर्स को चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ के 37वें दीक्षांत समारोह में उनके इस कीर्तिमान के लिए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला की उपस्थिति में गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। जबकि बीजेएमसी की कैफिया, मास्टर ऑफ इंटरनेशनल बिजनेस की संचिका भाटिया, बीएससी बायोटेक्नोलॉजी की अपराजिता एवं एमएससी बायोटेक्नोलॉजी की जया ने यूनिवर्सिटी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान बीजेएमसी की निक्षिप्ता राउत, मास्टर ऑफ इंटरनेशनल बिजनेस की मुदिता त्रिपाठी, बीबीए की कृतिका एवं एमएससी बायोटेक्नोलॉजी की श्वेता सिंह ने प्राप्त किया। इस अवसर पर आईएमएस गाजियाबाद ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स के जनरल सेक्रेटरी सीए (डॉ.) राकेश छारिया ने सभी को बधाई दी एवं संस्थान की निदेशक प्रो. (डॉ.) जसकिरण कौर ने सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए हर्ष जताया एवं छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# विश्व फोटोग्राफी दिवस पर एनसीआरटीसी ने आनंद विहार स्टेशन पर लगाई प्रदर्शनी, फोटोग्राफर्स को किया सम्मानित





**गाजियाबाद। करंट क्राइम।** विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर, एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल ने मंगलवार को आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर न्यूरोडाइवर्स कलाकारों द्वारा क्यूरेट की गई एक अनूठी फोटो प्रदर्शनी, -ह्लसितारे नमो भारत मेंह्न- का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एनसीआरटीसी के निदेशक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस प्रदर्शनी के माध्यम से, एनसीआरटीसी प्रतिभाशाली फोटोग्राफरों के अपनी प्रतिभा को एक साथ हजारों नमो भारत यात्रियों के सामने प्रस्तुत करने का मंच प्रदान कर रहा है। इन तस्वीरों में न केवल इन कलाकारों की रचनात्मकता, बल्कि दुनिया के प्रति उनका दृष्टिकोण भी कैद है, जिसे अब सभी देख और सराह सकते हैं। स्टेशन के कॉन्कोर्स लेवल पर आयोजित यह प्रदर्शनी सामाजिक समावेशिता की भावना को दशार्ती है और अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर (एडीएचडी) जैसी न्यूरोडाइवर्सिटीज संबंधी स्थितियों के बारे में जागरूकता पैदा करती है। श्री गोयल ने प्रतिभागी फोटोग्राफरों से बातचीत भी की। उन्होंने भाग लेने वाले फोटोग्राफरों को उनकी प्रतिभा और समर्पण के लिए एनसीआरटीसी द्वारा प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

# मोदीनगर में चाकू से गला रेतकर पत्नी की हत्या, पति फरार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद की मोदीनगर तहसील क्षेत्र में एक महिला की हत्या से सनसनी फैल गई। एक युवक ने गुस्से में आकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। युवक ने चाकू से अपनी पत्नी का गला रेत दिया। घटना के बाद से ही पूरे मोहल्ले में सनसनी फैल गई है। गदाना गांव में हुई इस घटना के बाद से ही मृतक के घर में भीड लगी हुई है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है। आरोपी पति फरार है। गांव गदाना निवासी 25 वर्षीय स्वाति का शव कमरे में मिला। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शुरूआती जांच में पति जितेंद्र द्वारा हत्या करने की बात सामने आई है। तीन साल पहले दोनों की शादी हुई थी। गांव वालों का कहना है कि दोनों के बीच अक्सर झगडे होते थे। वहीं, घटना की जानकारी लगने पर डीसीपी ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे हैं। उन्होंने पूरे मामले की जानकारी ली।




### अभियान जारी रहें तभी असली सफलता है

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में तमाम तरीके के अभियान और व्यवस्थाएं शुरू की गई हैं। सोमवार को जिस तरीके से महिला टू-स्टार की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हुई, उसके बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिसकर्मियों के हेलमेट पहनने का जोर-शोर से अभियान शुरू हुआ है। पहले ही दिन 55 पुलिसकर्मियों को चालान थमा दिया गया। साथ ही निर्देश भी दिए गए हैं कि पुलिसकर्मी दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। इससे पहले पुलिस लाइन के गेट और पुलिस कमिश्नर ऑफिस पर बैनर पोस्टर भी लगे थे कि बिना हेलमेट वाले पुलिसकर्मियों को एंट्री नहीं मिलेगी, पर अभियान का असर कुछ दिन हुआ और फिर मामला शांत हो गया था। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रैफिक पुलिस द्वारा मंगलवार से बड़े स्तर पर यूं कहें तीनों ही जोन में हेलमेट वाला अभियान चलाया गया है। इसमें टारगेट पर पुलिसकर्मी भी आए हैं, खुद एसीपी व अन्य अधिकारी नलर आएं है। पर सवाल उठ रहा है कि यह अभियान तभी सफल है जब यह लगातार जारी रहे। महिला उप निरीक्षक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत की बात उसके



साथी और विभाग वाले पुलिसकर्मी गमगीन हैं। सिटी में तैनात एक टू-स्टार ने अपने स्टेट्स पर लिखा है कि जो भी पुलिसकर्मी फील्ड पर तैनात हैं, वह हेलमेट लगाकर अपने कार्यक्षेत्र में नहीं पहुंचता है, तो वहां के जिम्मेदार अधिकारी, उनको उस दिन अनुपस्थिति दर्ज करवाएं ताकि वह हेलमेट लगाने की आदत को डालें। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में हेलमेट लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चलाती है, चालान भी काटती है लेकिन सड़क हादसों में कमी नहीं आ रही है। खुद कई खाकी वाले शहीद हो चुके हैं। इसके बावजूद इसका असर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नहीं चल रहा है। अधिकारियों को ऐसा निर्देश और आदेश देना चाहिए कि जिन पुलिसकर्मियों के बिना हेलमेट चालान काटेंगे, उनपर एक्शन लिया जाए क्योंकि जब खाकी वाले ही कानून का उल्लंघन करते हैं, तो आम जनता में इसका गलत संदेश जाता है। कुल मिलाकर जिस तरीके से मंगलवार को कमिश्नरेट में हेलमेट वाला अभियान शुरू हुआ है, आगे यह कब तक चलेगा और कितना असरदार होगा, यह तो ट्रैफिक और सिविल पुलिस की मेहनत ही बताएगी।

# भाजपा पार्षद अमित त्यागी ने मुख्य अभियंता अधीक्षण अभियंता (प्रथम) को सौंपा ज्ञापन

## लिखा, बीच सड़क में जगह-जगह खड़े खम्भों के कारण हो रहे एक्सीडेंट





गाजियाबाद, करंट क्राइम। शास्त्री नगर चौक से उत्तम स्कूल राज गैस एजेंसी होते हुए कार्टे चौक से कमल मंदिर तक एवं डी ब्लॉक मोड़ ( हापुड़ रोड ) तक जगह-जगह खंभे सड़क के किनारे से बीच सड़क तक आगे-पीछे खड़े है। कार्टे चौक से बिजलीघर के सामने से गैस एजेंसी तक महेंद्रा एनक्लेव की तरफ वाले सड़क के किनारे से 10 से 15 फीट तक खंभे सड़क के मध्य आ रहे हैं।

कई बार सड़क पर चल रहे वाहन इन खंभों से टकरा भी चुके हें और एक ईको सवार की मृत्यु भी यहां पर दुर्घटना में हो चुकी है। एक दंपत्ति पति और पत्नी की मृत्यु सड़क पर इसी स्थान पर बिजलीघर के सामने और गत वर्ष भी शास्त्री नगर पुलिस चौकी के एक उपनिरीक्षक और कांस्टेबल इन्हीं खंभों से टकराकर घायल हुए थे। सुबह से लेकर शाम देर रात्रि तक सड़क के किनारे इन्हीं खंभों के कारण अतिक्रमण रहता है जिस कारण यातायात भी प्रभावित होता है और अक्सर इस कारण क्षेत्र में जाम की स्थिति रहती है ।

क्षेत्र के एसडीओ और जेई को कई बार मिलकर पिछले एक वर्ष में कितनी बार मैंने स्वयं इस संबंध में अवगत कराया है, परंतु सड़क के बीचोबीच खड़े इन खंभों की समस्या का कोई समाधान नहीं हो सका है । क्षेत्र की जनता लगातार इस विषय से हमें अवगत करा रही है। पिछले वर्ष आपको दिए पत्र में भी अवगत कराया था कि इन खंभों के कारण कभी भी कोई भयंकर दुर्घटना या जनहानि हो सकती है और दिनांक 17/18 अगस्त की रात्रि शास्त्री नगर क्षेत्र में तैनात एक होनहार बहन पुलिस उपनिरीक्षक की शास्त्री नगर के कार्टे चौक जहां कल कुत्ता सामने आने के बाद और इन्हीं खंभों की वजह से सड़क छोटी होने के कारण, एक कार से टकराकर दुर्घटना में मृत्यु हुई हो गई है। आपसे अनुरोध है कि खंभों को सड़क के बीचोबीच से हटवाकर किनारे करवाने का कष्ट करें।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जन सेवक अजय गुप्ता का यह दिन और यह तारीख खास है। जन सेवक अजय गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी रमा गुप्ता के सुपुत्र आयुष गुप्ता का हैप्पी बर्थडे है। पुत्र के हैप्पी बर्थडे पर अजय गुप्ता ने बहुत ही हैप्पी अंदाज में अपनी खुशी को साझा किया। आयुष गुप्ता के जन्मदिन पर उनके मम्मी पापा अजय गुप्ता और रमा गुप्ता ने अपने बेटे के जन्मदिन पर सभी से शुभकामनाएं और आशीर्वाद की कामना की। बधाई शुभकामनाएं आशीर्वाद देने वालों का एक सैलाब इस पोस्ट पर रहा। जन्मदिन की खुशी को साझा करती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को नस्लभरी धमकी देने वाला युवक दोषी करार, अदालत ने सुनाई सजा

**लंदन ।** लियाम शॉ नाम का ये शख्स नॉर्थ-वेस्ट इंग्लैंड के मसीसाईड के बिरकनहेड का रहने वाला है. इसने ही ऋषि सुनक के संसदीय ईमेल पते पर दो नस्लभरे और जान से मारने की धमकी वाले मेल भेजे। इन मेल्स को सुनक के निजी सहायक ने देखा और तुरंत पुलिस को रिपोर्ट किया। ब्रिटेन की क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) ने बताया कि शॉ ने यह मेल अपने फोन से भेजे थे।



**ब्रटेन के पूर्व प्रधानमंत्री और भारतीय मूल के नेता ऋषि सुनक को नस्लभरी और जान से मारने की धमकी देने वाले 21 वर्षीय युवक को अदालत ने सजा सुनाई है। आरोपी लियाम शॉ को 14 हफ्ते की जेल और दो साल का प्रतिबंध आदेश दिया गया है। यह मामला जून 2023 का है, जब सुनक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद पर थे। अदालत ने कहा कि इस तरह का व्यवहार लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला है**

पुलिस जांच और गिरफ्तारी पुलिस ने जांच में पाया कि ईमेल शॉ के ईमेल पते और उस हॉस्टल से भेजे गए थे जहां वह रह रहा था। उसे तीन सितंबर 2024 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद जब उससे आरोपों के बारे में पूछा गया तो उसने कहा कि मुझे याद नहीं कि मैंने मेल भेजा, शायद नशे में था। लिवरपूल पुलिस स्टेशन में पूछताछ के दौरान उसने चुप्पी साधी रही। बाद में सीपीएस ने उसके खिलाफ सार्वजनिक संचार नेटवर्क का दुरुपयोग कर आपत्तिजनक और धमकी भरे संदेश भेजने के दो मामले दर्ज किए।

अदालत का फैसला पिछले महीने लिवरपूल मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेशी के दौरान शॉ ने दोनों आरोपों को स्वीकार कर लिया। अदालत ने उसे 14 हफ्ते की कैद की सजा सुनाई, लेकिन यह सजा 12 महीने के लिए निलंबित कर दी गई है। अदालत ने शॉ को 20 दिन का पुनर्वास कार्यक्रम पूरा करने और छह महीने के नशा मुक्ति कार्यक्रम में शामिल होने का आदेश दिया। इसके अलावा कोर्ट ने दो साल का प्रतिबंध आदेश जारी किया, जिसके तहत शॉ सुनक या उनके संसदीय कार्यालय से किसी भी प्रकार का संपर्क नहीं कर सकेगा।

# बांग्लादेश में आम चुनाव की तैयारियां तेज, चुनाव आयोग ने कहा- इसी सप्ताह तय हो जाएगी रूपरेखा

**ढाका ।** बांग्लादेश में फरवरी में होने वाले आम चुनाव की तैयारियां तेज हो गईं हैं। बांग्लादेश चुनाव आयोग ने कहा है कि इसी सप्ताह चुनावी कार्ययोजना और रूपरेखा की घोषणा कर दी जाएगी। हाल ही में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने फरवरी 2026 में आम चुनाव कराने का एलान किया था। चुनाव आयोग के वरिष्ठ सचिव अख्तर अहमद ने कहा कि चुनावी रोडमैप का मसौदा तैयार कर लिया गया है और इसे अंतिम मंजूरी के लिए जल्द ही चुनाव आयोग को सौंप दिया जाएगा। यह योजना अंतर-विभागीय समन्वय और प्रासंगिक परिचालन मुद्दों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। हमें उम्मीद है कि हम इसे इसी सप्ताह अंतिम रूप देकर प्रकाशित कर देंगे। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है। कानून प्रवर्तन एजेंसियां और



प्रशासनिक अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में पहले से ही सक्रिय हैं। यदि हर कोई अपना काम जिम्मेदारी से करे तो कोई समस्या नहीं होगी। यदि सभी अपना कार्य पहले ही पूरा कर लें, तो मतदान प्रक्रिया अधिक सुचारू तथा समन्वित होगी। जुलाई 2024 में हुए जनविद्रोह के बाद शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। इस जनविद्रोह में बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया था। अंततः 5 अगस्त 2024 को हसीना सरकार गिर गई और वह भारत चली गईं। इसके बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार ने देश में लोकतांत्रिक माहौल बहाल करने का वादा किया था। पिछले कई महीनों से बांग्लादेश में राजनीतिक दल नए सिरे से आम चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। मुहम्मद यूनुस ने फरवरी 2026 में चुनाव की घोषणा की बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने घोषणा की थी।

# न्यूयॉर्क के बार में फायरिंग, दो बदमाशों समेत तीन की मौत, वर्जिनिया में भी गोलीबारी, दो की जान गई, 3 जख्मी

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका में रविवार और सोमवार को दो अलग-अलग गोलीबारी की घटनाओं ने दहशत फैला दी। न्यूयॉर्क सिटी और वेस्ट वर्जीनिया में हुई इन घटनाओं में कुल पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए हैं। वहीं न्यूयॉर्क सिटी में हुई वारदात में दो फरार बदमाशों की तलाश की जा रही है




न्यूयॉर्क शहर के बार में फायरिंग न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन इलाके के 'टेस्ट ऑफ द सिटी लाउंज' बार में रविवार सुबह हुई फायरिंग में तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें दो हमलावर भी शामिल थे। पुलिस ने बताया कि 35 वर्षीय जैमेल चाइल्ड्स और 19 वर्षीय मार्विन सेंट लुईस के बीच विवाद हुआ और कुछ देर बाद दोनों ने एक-दूसरे पर गोली चला दी। दोनों की अस्पताल में मौत हो गई। तीसरा मृतक 27 वर्षीय अमादू डायलो था, जिसे पुलिस ने निर्दोष और वारदात में शिकार स्थानीय बताया है।

### वारदात में कुल 14 लोग घायल, कोई गंभीर नहीं

पुलिस के मुताबिक इस वारदात में कुल 14 लोग घायल हुए हैं, हालांकि किसी के गंभीर रूप से घायल होने की जानकारी नहीं है। पुलिस ने बताया कि इस वारदात में शामिल दो अन्य शूटर अभी भी फरार हैं। वहीं पुलिस ने मौके से 42 से ज्यादा खोखे और एक हथियार बरामद किया है। मामले में मेयर एरिक एडम्स और अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स ने सोमवार को पीड़ितों के लिए आयोजित प्रार्थना सभा में हिस्सा लिया और लोगों से हिंसा छोड़ने की अपील की।

### वेस्ट वर्जीनिया में भी गोलीबारी की वारदात

वहीं दूसरी घटना सोमवार को वेस्ट वर्जीनिया के माउंट कार्बन इलाके में हुई। यहां दो लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक संदिग्ध हमलावर भी शामिल था। पुलिस ने बताया कि हमलावर अपने घर में मृत मिला और माना जा रहा है कि उसने खुद को गोली मार ली। जबकि पुलिस को पास के कारपोर्ट में एक और व्यक्ति का शव मिला। वहीं तीन अन्य लोग गोली के छर्रे लगने से घायल हुए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतकों की पहचान अभी सार्वजनिक नहीं की गई है।

# दो हफ्तों में मिलेंगे पुतिन-जेलेंस्की, ट्रंप की बैठक के बीच जर्मन चांसलर का दावा

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके यूक्रेनी समकक्ष वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच हुई अहम बैठक के बीच जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को जेलेंस्की के साथ बैठक के लिए राजी करने का श्रेय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दिया। जर्मन चांसलर ने कहा कि बैठक किस जगह पर होगी, यह अभी तय नहीं हुआ है। इसी बैठक के लिए पुतिन ने ट्रंप के साथ फोन पर बातचीत के दौरान सहमति जताई थी।



शिखर सम्मेलन में भाग लेने का साहस होगा या नहीं मर्ज ने कहा, 'हमें नहीं पता कि रूसी राष्ट्रपति में इस तरह के शिखर सम्मेलन में भाग लेने का साहस होगा या नहीं। इसलिए समझाने-बुझाने की जरूरत है।' मर्ज यूरोपीय नेताओं के उस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे, जो सोमवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति को समर्थन देने वॉशिंगटन गए थे।

अगले दो हफ्तों में बैठक होगी बैठक में एक ब्रेक के दौरान उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूसी राष्ट्रपति से फोन पर बात की और इस बात पर सहमति जताई गई कि अगले दो हफ्तों में रूसी राष्ट्रपति और यूक्रेनी राष्ट्रपति के बीच एक बैठक होगी।'

### त्रिपक्षीय बैठक का निमंत्रण देने पर सहमति

मर्ज ने आगे कहा कि ट्रंप ने बाद में एक और त्रिपक्षीय बैठक का निमंत्रण देने पर सहमति जताई है, ताकि बातचीत वास्तव में शुरू हो सके। जर्मन चांसलर ने कहा कि ट्रंप इस बात से प्रभावित हैं कि यूरोपीय देश एकजुट हैं। अमेरिकी प्रशासन के साथ उनकी चर्चा अब यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी पर केंद्रित होगी।

# मेरिका और दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास से घबराए किम जोंग, परमाणु क्षमता के विस्तार की दी धमकी

**सिओल ।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया और अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यासों की आलोचना की। किम ने कहा कि वह अपने परमाणु बलों का तेजी से विस्तार करेंगे, ताकि विरोधियों का मुकाबल कर सकें। यह बयान उन्होंने उस समय दिया, जब वह अपने सबसे आधुनिक युद्धपोत का निरीक्षण कर रहे थे, जिसे परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बनाया जा रहा है। सरकारी मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। किम जोंग ने सोमवार को पश्चिमी बंदरगाह नामपो का उस समय दौरा किया है, दक्षिण कोरिया और अमेरिका की सेनाओं से बढ़ते खतरों के मद्देनजर अपनी तैयारियों को मजबूत करने के लिए वार्षिक ग्रीष्मकालीन सैन्य अभ्यास 'उल्ची फ्रीडम शील्ड' शुरू किया। 11 दिन के इस सैन्य अभ्यास में कुल 21 हजार सैनिक शामिल हैं, जिनमें से 18 हजार दक्षिण कोरिया के हैं। इसमें कंप्यूटर-आधारित कमान पोस्ट अभियान और मैदानी प्रशिक्षण शामिल हैं। उत्तर कोरिया इन संयुक्त सैन्य अभ्यासों को लंबे समय से आक्रमण



की तैयारी बताता आया है। किम इन अभ्यासों को अक्सर अपने सैन्य परीक्षणों और परमाणु कार्यक्रम के विस्तार को जायज ठहराने के लिए इस्तेमाल करते हैं। कोरियाई प्रायद्वीप अब भी तकनीकी रूप से युद्ध की स्थिति में है। यह असैन्यीकृत क्षेत्र दो हिस्सों उत्तर और दक्षिण कोरिया में बंटा है। किम ने जिस युद्धपोत का निरीक्षण किया, उसका नाम चोए ह्योन है। यह 5000 टन वजन युद्धपोत अप्रैल में पहली बार सार्वजनिक किया गया था। किम ने कहा कि अमेरिका-दक्षिण कोरिया का सैन्य अभ्यास शत्रुता और युद्ध की इच्छा को दशार्ता है। अभ इन सैन्य अभ्यासों में परमाणु तत्व भी शामिल हैं, जिससे उत्तर कोरिया को निर्णायक प्रतिक्रिया देनी होगी।

उत्तर कोरिया की सरकारी एजेंसी केसीएनए के मुताबिक, किम ने कहा कि उत्तर कोरिया के चारों ओर की सुरक्षा स्थिति दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है और मौजूदा सैन्य सिद्धांतों और अभ्यास में तेज बदलाव और परमाणु क्षमताओं का विस्तार जरूरी हो गया है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग की सरकार ने फिलहाल किम की टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। उनकी सरकार उत्तर कोरिया के साथ संबंध सुधारने और बातचीत दोबार शुरू करने की इच्छुक रही है। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने भी किम के युद्धपोत की क्षमता को लेकर कोई नई जानकारी साझा नहीं की है। दक्षिण कोरिया और अमेरिका के सैन्य अधिकारियों का कहना है कि उल्ची फ्रीडम शील्ड अभ्यास का मुख्य उद्देश्य उत्तर कोरिया की बढ़ती परमाणु और मिसाइल हमले की धमकियों का मुकाबला करना है। इस अभ्यास में उत्तर कोरिया के परमाणु हमले की रोकथाम और जवाब देने के लिए प्रशिक्षण शामिल होगा।

# पाकिस्तान को घुटनों पर लाया आईएमएफ, बात मानी तो शहबाज सरकार के हाथ से निकल जाएगा केंद्रीय बैंक

**इस्लामाबाद ।** आईएमएफ से कर्ज लेकर पाकिस्तान फंस गया है। दरअसल आईएमएफ ने पाकिस्तान को कर्ज की नई किस्त जारी करने के लिए कुछ ऐसी शर्त रख दी है, जिससे पाकिस्तान की सरकार अपने ही केंद्रीय बैंक की निगरानी नहीं कर पाएगी और पाकिस्तानी सरकार का अपने केंद्रीय बैंक पर नियंत्रण कम हो जाएगा। दरअसल आईएमएफ ने पाकिस्तान से केंद्रीय बैंक के बोर्ड से वित्त सचिव को हटाने को कहा है और साथ ही वाणिज्यिक बैंकों के निरीक्षण का आदेश देने के संघीय सरकार के अधिकार को रद्द करने के लिए कानून में संशोधन की भी मांग की है।



अपने ही केंद्रीय बैंक से नियंत्रण खो देगी पाकिस्तान सरकार पाकिस्तान के मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वित्त सचिव को निदेशक मंडल से हटाने के लिए एसबीपी अधिनियम में संशोधन की सिफारिश की है। साथ ही आईएमएफ ने स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) में डिप्टी गवर्नर के दो रिक्त पदों को तुरंत भरने को भी कहा है। आईएमएफ की सिफारिशें, गवर्नेंस एंड करप्शन डायग्नोसिस मिशन रिपोर्ट का हिस्सा हैं। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, अगर ये सिफारिशें मानी जाती हैं तो संघीय सरकार की केंद्रीय बैंक से निगरानी समाप्त हो जाएगी, जबकि स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) में पाकिस्तानी सरकार की हिस्सेदारी 100 प्रतिशत है। इससे पहले साल 2022 में, आईएमएफ के दबाव में पाकिस्तानी सरकार ने एसबीपी को पूर्ण स्वायत्तता प्रदान की थी और बोर्ड में वित्त सचिव के मताधिकार को भी समाप्त कर दिया। जिसके बाद से वित्त सचिव बोर्ड का सदस्य तो होता है, लेकिन उसके पास मतदान का अधिकार नहीं होता। ऐसे में विनिमय दर निर्धारण करना या ब्याज दर निर्धारण जैसे प्रमुख फैसले भी एसबीपी के बोर्ड द्वारा नहीं, बल्कि मौद्रिक नीति समिति द्वारा लिए जाते हैं।

# डील करना चाहते हैं पुतिन, जेलेंस्की से बैठक के दौरान ट्रंप और मैंक्रो की बातचीत

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक बयान सोमवार को उस वक्त चर्चा में आ गया, जिसमें वे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बारे में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से कह रहे हैं, 'मुझे लगता है कि वह समझौता करना चाहते हैं...' यह टिप्पणी ऐसे समय में सामने आई है जब रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए शांति वार्ता की उम्मीदें अचानक बढ़ गई हैं। लेकिन क्या शांति वास्तव में कायम हो पाएगी या यह भी केवल शोर साबित होगा, यह आने वाले हफ्तों में साफ हो जाएगा।



### बैठक के बाद बोले जेलेंस्की- मैं तैयार हूं

वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने व्हाइट हाउस के बाहर पत्रकारों से कहा कि वे अपने सबसे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से आमने-सामने बातचीत के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि जंग को खत्म करने के लिए सीधा रास्ता खोजा जाए।

### पुतिन भी सीधी बातचीत के लिए तैयार

इस बैठक के बाद मॉस्को से आई खबरों के मुताबिक, क्रेमलिन के एक शीर्ष सहयोगी ने कहा है कि राष्ट्रपति पुतिन सीधी बातचीत के विचार के लिए खुले हैं। इसका मतलब है कि दोनों देशों के बीच लंबे समय बाद सीधा संवाद संभव हो सकता है।

पिछले हफ्ते अलास्का में ट्रंप और पुतिन की मुलाकात हुई थी। उसके बाद ट्रंप ने यूरोप के सात बड़े नेताओं को वॉशिंगटन बुलाया। जिसमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन और नाटो महासचिव मार्क रुटे शामिल थे। इस दौरान सभी नेताओं ने मिलकर कीव की सुरक्षा गारंटी पर चर्चा की।

# पुतिन को शांति पत्र लिखने पर जेलेंस्की ने मेलानिया का जताया आभार, कहा- 20000 बच्चों का किया गया अपहरण

**कीव ।** जेलेंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप को इस युद्ध के सबसे दर्दनाक और जटिल मुद्दों में से एक (रूस द्वारा बच्चों के अपहरण) पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद देता हूं। हम उनके करुणा भाव और पुतिन को लिखे गए पत्र की सराहना करते हैं। हमारे बच्चे, टूटे हुए परिवार और बिछड़ने का दर्द..यह मुद्दा इस युद्ध की मानवीय त्रासदी के केंद्र में हैं। कम से कम 20 हजार बच्चों को ले जाया गया है। मैंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से अनुरोध किया है कि वह यूक्रेन की प्रथम महिला ओलेना जेलेंस्का की ओर से मेलानिया को धन्यवाद पत्र सौंपें। उनकी आवाज मायने रखती है और उनका साथ इस प्रयास को ताकत देगा।



**यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन को 'शांति पत्र' लिखने के लिए अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप को धन्यवाद दिया है। इस पत्र में रूस की ओर से कथित तौर पर बच्चों के अपहरण का मुद्दा उठाया गया था**

यूक्रेनी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि उनकी सरकार हर बच्चे को घर वापस लाने के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने कहा, यही बात उन युद्धबंदियों और नागरिकों पर भी लागू होती है, जिन्हें रूस ने वर्षों से बंदी बना रखा है। कुछ तो 2014 से ही बहुत खराब हालात में कैद हैं। अभी भी हजारों लोगों को रिहा किया जाना बाकी है और यह शांति स्थापित करने की प्रक्रिया का हिस्सा है। हम सभी युद्धबंदियों की अदला-बदली के लिए काम करेंगे और हमें खुशी है कि हमारे साथ मजबूत मित्र खड़ें हैं, जो मदद करते हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार को ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट की है, जिसके जवाब में जेलेंस्की की यह टिप्पणी सामने आई है। ट्रंप ने कहा कि वह और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन लापता बच्चों की वैश्विक समस्या पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा उनकी प्राथमिकता में है और दुनिया को मिलकर इन बच्चों को उनके परिवारों तक वापस लाना होगा।

ट्रंप ने लिखा, यूरोपीय आयोग की अत्यंत सम्मानित अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन और मैं गुमशुदा बच्चों की विशाल वैश्विक समस्या पर चर्चा कर रहे हैं। यह विषय मेरी पत्नी मेलानियां के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। यह हर सूची में ऊपर है और दुनिया को मिलकर इसे हल करने की कोशिश करनी होगी, ताकि बच्चे अपने घरों को लौट सकें। मेलानिया ने 15 अगस्त को पुतिन को पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि बच्चों और भविष्य की पीढ़ियों की रक्षा की जाए। ऐसा विचार हर तरह की मानवीय दूरियों को पार करता है।

# हिंडन एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए सीधी हवाई सेवा प्रारंभ किए जाने की मांग

## बागपत के सांसद राजकुमार सांगवान ने मंत्री को दिया पत्र

**गाजियाबाबाद, करंट क्राइम।** हिंडन एयरपोर्ट, गाजियाबाद से कई शहरों के लिए उडानें शुरू हो गई है। अब उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लिये भी हवाई सेवा प्रारंभ किए जाने की मांग जोड पकड ली है। बागपत के सांसद राजकुमार सांगवान ने लखनऊ के लिए हवाई सेवा शुरू करने को लेकर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से मुलाकात की है। सांसद राजकुमार सांगवान ने इस विषय के संबंध में पत्र भी सौंपा है।



उन्होंने कहा कि आम जनता की सुविधा के लिए हिंडन सिविलियन एयरपोर्ट से लखनऊ तक हवाई सेवा शुरू होनी चाहिए। लखनऊ, उत्तर प्रदेश की राजधानी होने के कारण प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री दिल्ली-लखनऊ की यात्रा करते हैं। इनमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपदों बुलंदशहर, हापुड़, नोएडा, मेरठ, मुजफ्फरनगर, शामली के साथ-साथ गाजियाबाद एवं पूर्वी दिल्ली के निवासी भी शामिल हैं। वर्तमान में इन यात्रियों को प्रायः दिल्ली एयरपोर्ट से उड़ान भरनी पड़ती है, जिसके कारण उन्हें अतिरिक्त समय, धन और संसाधन खर्च करना पड़ता। इससे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी अनावश्यक दबाव बढ़ता है।

यदि गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए नियमित हवाई सेवा प्रारंभ की जाती है तो यात्रियों को न केवल सुविधा प्राप्त होगी, बल्कि दिल्ली की सड़कों पर यातायात और प्रदूषण का बोझ भी कम होगा।

विदित है कि हिंडन एयरपोर्ट से पहले से ही देश के अनेक प्रमुख शहरों के लिए हवाई सेवाएँ संचालित हो रही हैं।

ऐसे में लखनऊ जैसी राजधानी के लिए उड़ान प्रारंभ करना यात्रियों के साथ-साथ विमानन कंपनियों के लिए भी निःसंदेह लाभकारी सिद्ध होगा। मंत्री राममोहन ने जल्द ही हिंडन से लखनऊ हवाई सेवा आरंभ करने का आश्वासन दिया है।

# जीडीए अपर सचिव को बैठे-बैठे आया हार्ट अटैक, दफ्तर में हडकंप, चल रहा है इलाज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण यानि जीडीए में सोमवार को उस समय हडकंप मच गया जब अपर सचिव प्रदीप सिंह को बैठे-बैठे हार्ट अटैक आ गया। उन्हें तत्काल पास के एक अस्पताल ले जाया गया। जहां से यशोदा अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने तुरंत प्रदीप सिंह का इलाज शुरू किया।



जानकारी के अनुसार, अपर सचिव प्रदीप सिंह रोज की तरह सोमवार दोपहर अपने कामकाज में व्यस्त थे, तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई। कार्यालय में मौजूद सहकर्मियों ने तुरंत हालात को भाँपते हुए उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाने का निर्णय लिया। आनन-फानन में प्रदीप सिंह को गाजियाबाद के यशोदा हॉस्पिटल पहुँचाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उनकी स्थिति गंभीर बताई और तत्काल इलाज शुरू किया। अपर सचिव को हार्ट अटैक आने की खबर फैलते ही जीडीए में हडकंप मच गया। जीडीए वीसी अतुल वत्स ने पूरी घटना की जानकारी ली। प्रदीप सिंह पूरी तरह सामान्य थे और किसी ने भी ऐसे हालात की उम्मीद नहीं की थी। डॉक्टरों के अनुसार विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम लगातार उनकी स्थिति पर नजर रखे हुए है और हर जरूरी उपचार किया जा रहा है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा बिरजू भैया ने यूं ही नहीं मारा है फेसबुक पर बिन बुलाये मेहमान वाली बात का ताना? हमें लगी है जानकारी वो इस ताने से साध रहे हैं अपनी ही बिरादरी के एक चेहरे पर निशाना? वो अपनी पोस्ट से दे रहे हैं संदेश? बिना बुलाये दूसरों के कार्यक्रम में जा रहा है हमारा फेस? बिरजू भैया शायद कर रहे थे बिग बॉस गुप्ता जी के कार्यक्रम का जिक्र? शायद कोई बिरादरी का चेहरा वहां बिना बुलाये पहुंचा था? उनके शब्दों में दिख रही थी इस बात की फिक्र?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मेरा पैगाम पहुंचा दो संगठन वालों के पास? ऊपर से भले ही दिखाने वाले कितनी ही चमक दिखा रहे हों? मगर अंदर से मामला नहीं है कुछ ज्यादा खास? कहले वाले ने कहा हमें मिला है जमीनी कार्यकताओं से ये पैगाम? रेड क्वाटर, फार्मरवाड़ा और चाचा नगर में नहीं हुआ है ठीक से बूथ सत्यापन का काम? दौड़ाए जा रहे हैं बस जुबानी घोड़े? कुछ कर नहीं रहे हैं करने वाले और घूम रहे हैं करके अपने सीनें चौड़े?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा किंग सिटी में मचा हुआ है इस बात का शोर? पूर्व और वर्तमान वाले सेक्टर-23 पर ज्यादा फोकस कर रहे हैं? उन्होंने क्रीमी एरिया को किया हुआ है पूरी तरह से इग्नोर? ऐसा लग रहा है उन्होंने सेक्टर-23 को ही मान लिया है मंडल? सच मानों हमारी बात को नहीं है ये बंडल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के मैम्बर त्यागी जी, जिनकी स्थापित है लोहा लेने में पहचान? सुना है आजकल उनके क्षेत्र की जनता है उनसे बहुत ज्यादा परेशान? अब तो विकास के नाम पर मेम्बर को लोग मार रहे हैं सामने ही ताना? कह रहे हैं विकास पर भारी पड़ रहा है आपकी चाहतों का नजराना? अगर यही हाल रहा तो भाई साहब अगली बार हमारे पास वोट मांगने मत आना?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें पता है भगवा त्यागी जी उसे मानते हैं दिल से भाई, नहीं समझते हैं दोस्त? फिर ना जाने ऐसा क्या हुआ है जो उन्होंने अपने प्यारे के बर्थडे पर नहीं डाली फेसबुक पर कोई सोने सी पोस्ट? क्यों रहे वो इस दिन पोस्ट डालने के मामले में त्यागी? इस बात की चर्चाएं हो रही हैं आम? कहने वाले कह रहे हैं कहीं बिगड़ तो नहीं गया है दोनों के बीच में मोहब्बत का तराना? हम तक ये बात किसी माध्यम से पहुंची है? हम तो बस आपके सवाल के माध्यम से त्यागी जी तक चाहते हैं पहुंचाना?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही भगवा योद्धा के साथ पहलवान की राजनीति में दिख रहा हो अंधेरा? मगर हमें पता चला है वो अपने प्रिय श्याम का नामित वाले मैटर में खिलाना चाहते हैं सवेरा? हाल ही में वो गये थे मुराद पूरी करने वाले बड़े दिल के विधायक के पास? लगाई थी उन्होंने उनसे श्याम को नामित बनाने की अरदास? कहने वाले ने कहा पहलवान को भी पता है कि श्याम की फाईल वाया त्यागी जी के जायेगी हैवीवेट वालों तक तो हो ही जायेगी पास? इसलिए उन्होंने नहीं रखी इस मैटर में अपने दोस्त कमांडर से आस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा मैम्बर तितोरिया जी पार्षदी से ना कर दें सरेंडर? हमें पता चला है कि कोई ताकतवर चेहरा पास नहीं होने दे रहा है उनके मोहल्ले के टेंडर? भगवा तितोरिया जी इस अनदेखी की कर चुके हैं तमाम जगह बात? दे रहे हैं संदेश कि कोई सावन में लगा रहा है आग? ये आग कभी भी बन सकती है शोला? अगर ज्यादा अनदेखी हुई तो फूट सकता है कभी भी मेरे गुस्से का गोला?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इन दिनों भगवागढ़ के दो नेताओं को हो रहा है बहुत गुमान? सुना है एक डिपार्टमेंट के प्रमोटर से है इनकी खास पहचान? ये दे रहे हैं अब अपने साथियों में ये ही संदेश? कह रहे हैं कि अब पहले जैसा कमजोर नहीं है हमारा फेस? अब प्रमोटर वाली ताकत है हमारे साथ? हम बना सकते हैं किसी की भी बिगड़ी हुई बात? कहले वाले ने कहा कि देखते ही बन रहा है इस वक्त दोनों का इतराने वाला अंदाज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे विधायक जी के खास के पास? वहां पर छिड़ गई गागर में सागर भरने वालों की बात? देने वाले ने दिया यही संदेश कि ऐसा लग रहा है जैसे आने वाले समय में नजदीक हो जायेगा गागर वालों का विधायक जी से फेस? पता चला है सुनकर ये बात, विधायक जी ने कराया कुछ और ही एहसास? कहा विधायक जी तो चाहते हैं गागर का सागर बहे उनसे दूर? उनसे चाय तक की मुलाकतें ही ठीक हैं हुजूर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि रामलीला के भूमि पूजन वाले कार्यक्रम में एक नेता जब पहुंचे पेंट-शर्ट पहनकर? तब उनसे किसी ने कहा क्या आपने ले लिया है राजनीति से सन्यास? कुर्ता-पजामा छोड़कर यूं पेंट-कमीज में आना करा रहा है हमें इसी बात का एहसास? कहने वाले ने कहा इससे पहले इस बात पर वैश्य नेता प्रकट करते अपने विचार? तभी वहां पर हुए पेंट-कमीज में भगवा पहलवान के भी दीदार? ये सुनकर आ गई सामने वाले के चेहरे पर मुस्कुराहट? उन्होंने दिया संदेश, बोले इन्होंने भी तो उतार दिया है कुर्ता-पजामा? शायद ले ली है उन्होंने वीआरएस की ओर आहट?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# पूर्व पालिका अध्यक्ष रीना भाटी उतरीं गंदे पानी में

## संगम पार्क के जलभराव पर अधिकारियों को दिया 7 दिन का अल्टीमेटम

**खोड़ा (करंट काइम)।** संगम पार्क में जलभराव की समस्या से जूझ रही जनता की पीड़ा जानने के लिए पूर्व पालिका अध्यक्ष रीना भाटी मंगलवार को खुद गंदे पानी में उतरीं। उन्होंने क्षेत्र का जायजा लेते हुए नगर पालिका प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए और कहा कि जनता की परेशानी पर अब आंख मूंदने वाले अधिकारियों को जवाब देना ही होगा। करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंचे नगर पालिका के जेई साहब ने आश्वासन दिया कि 7 दिन के भीतर संगम पार्क से पानी निकासी का कार्य पूरा कर दिया जाएगा। रीना भाटी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि तय समय सीमा में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो नगर पालिका अधिकारियों से कड़ी जवाब-तलबी की जाएगी। इस दौरान उनके साथ सभासद संजीव गिरी, सभासद सतीश गुप्ता, समाजसेवी शिवनाथ गुप्ता, नीलम मिश्रा, मंडल अध्यक्ष पंकज लड्डू वाल्मीकि सहित कई लोग मौजूद रहे।



नगर पालिका ईओ से भी दूरभाष पर बातचीत हुई, उन्होंने मीटिंग में व्यस्तता का हवाला देते हुए किसी अन्य अधिकारी को मौके पर भेजने की बात कही। बाद में पहुंचे जेई साहब ने 7 दिन में समाधान का भरोसा दिया।

## प्राधिकरण ने जारी की मधुबन बापूधाम के 762 काश्तकारों के आरक्षित/आवंटित भूखंडों की सूची

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने मधुबन बापूधाम योजना को सुनियोजित तरीके से धरातल पर साकार करने की कड़ी में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए समझौते के आधार पर अधिग्रहित 800 एकड़ भूमि के 762 काश्तकारों को अर्जित भूमि के सापेक्ष 6 प्रतिशत और 4 प्रतिशत आवासीय भूखंड आरक्षित/आवंटित किया जा चुका है। इसी क्रम में आरक्षण/आवंटन की सूची मधुबन बापू धाम योजना के स्थल कार्यालय पर उपलब्ध करायी गई है। दिनांक 1 सितंबर 2025 तक सूची में अंकित विवरण पर आपत्ति/सुझाव सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्राप्त कराए जा सकते हैं। स्थल कार्यालय पर कर्मचारियों की तैनाती भी की गई है। योजना 2002 में लगभग 1300 एकड़ भूमि में प्रस्तावित थीं, लेकिन भूमि अर्जन संबंधी समस्याओं के कारण योजना क्रियान्वित नहीं हो सकी। किसानों को विकसित भूखंडों की मांग को ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण द्वारा 169वीं बोर्ड बैठक 20 मई 2025 में काश्तकारों को प्लाट देने का निर्णय उच्चत्तम न्यायालय के आदेशों के क्रम में लिया गया।

# रेरा से जुड़े मामलों के समाधान के लिए जीडीए आयोजित करेगा रेरा समाधान दिवस

## एओए / आरडब्लूए व विकासकर्ता से जुड़े प्रकरणों के निस्तारण हेतु 'एओए समाधान सेल' के गठन का निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण अब नक्शा समाधान दिवस की तर्ज पर ही हर माह के तीसरे गुरुवार को रेरा से जुड़े मामलों का भी समाधान करेगा। फिलहाल रेरा से जुड़े मामलों का निस्तारण करने के लिए 21 अगस्त की तारीख तय की गई और इस दौरान रेरा से जुड़े मामलों को प्राधिकरण के सभागार में उपस्थित होकर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक रखा जा सकता है।




इस दौरान प्राधिकरण के संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे और रेरा से जुड़े मामलों का निस्तारण किया जाएगा। इसके अलावा एओए /आरडब्लूए व विकासकर्ता से जुड़े प्रकरणों के निस्तारण हेतु 'एओए समाधान सेल' के गठन का भी निर्देश दिया गया है और एओए व विकासकर्ता से जुड़े विवादों के समाधान हेतु उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने संयुक्त सचिव एमपी सिंह को उक्त प्रकरणों के समाधान हेतु नामित किया है। इसी के साथ ही शासन के द्वारा हाल ही में जारी किए नए बिल्डिंग बायलॉज के प्रति भी लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। प्राधिकरण के द्वारा अलग-अलग जोनों मे कैंप का आयोजन किया जाएगा, उन्हें नए बिल्डिंग बायलॉज की बारीकियों से रूबरू कराने का प्रयास प्राधिकरण करेगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग नए बिल्डिंग बायलॉज का लाभ उठा सकें। जिन लोगों के द्वारा मिक्सड लैंड यूज की भूमि पर कॉमर्शियल बिल्डिंग का निर्माण कर लिया गया हैं, उन्हें बिल्डिंग का नक्शा पास कराने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।

# कंप्यूटर संस्थान 'कम्पू वेब' की 25वीं वर्षगांठ मनाई गई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पटेल नगर स्थित कंप्यूटर संस्थान कम्पू वेब की 25वी वर्षगांठ के कार्यक्रम को जानकी भवन, कवि नगर रामलीला मैदान, गाजियाबाद में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ईश्वर सिंह (डिप्टी डायरेक्टर जनरल कौशल विकास मंत्रालय भारत सरकार), अध्यक्ष के नाते डोमेश्वर साहू (क्षेत्र संगठन मंत्री, विद्या भारती पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र) एवं विशिष्ट अतिथि पीके तिवारी (कमांडेंट एनडीआरफ आठवी बटालियन) उपस्थित रहे। इस अवसर पर आए हुए सभी अतिथियों ने छात्रों को उत्साह वर्धन किया और संस्थान के उज्जवल भविष्य की कामना की। ईश्वर सिंह ने बताया कि आज के युग में कंप्यूटर के बिना मानव जीवन अधूरा है। उन्होंने बताया कि अगर जीवन में पूर्ण सफलता पानी है तो कौशल विकास बहुत महत्वपूर्ण है। डोमेश्वर साहू ने इस अवसर पर सभी छात्रों को आज के युग में टेक्नोलॉजी के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और कमांडेंट पीके तिवारी ने संस्थान के 25 वर्ष पूर्ण होने पर संस्था की सराहना की और संस्था द्वारा सस्ती और अच्छी शिक्षा प्रदान करने के उदेश्य से संस्थान की प्रगति की पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्थान के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर राजवीर सिंह ने संस्था के इतिहास पर प्रकाश डाला। संस्थान के छात्रों को विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता हेतु पुरस्कार भी वितरित किया गए। संस्था के डायरेक्टर अतुल अत्री ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का धन्यवाद दिया। मंच का संचालन वंश प्रजापति और पूजा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर निशु, श्वेता, राहुल त्यागी, नेहा, ज्योति रिया, दुर्गा शंकर आदि उपस्थित रहे।






# राहुल डागर हत्याकांड को विजयनगर शिफ्ट किए जाने के विरोध में परिजनों ने नंदग्राम थाने पर दिया धरना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** होटल कारोबारी राहुल डागर की हत्या के मामले में पुलिस एक आरोपी को अभी तक पकड नहीं पाई है। पिछले तीन महीने से आरोपी मनीष की गिरफ्तारी नहीं होने और केस को नंदग्राम थाने से विजयनगर थाने में शिफ्ट करने से नाराज मृतक के परिजनों और क्षेत्रीय लोगों ने मंगलवार को नंदग्राम थाने पर प्रदर्शन किया। परिजनों का कहना है कि उन्हें जानकारी दिए बिना ही केस को विजयनगर स्थानांतरित कर दिया गया है।

धरने में भारतीय किसान यूनियन से जुड़े बड़ी संख्या में किस भी शामिल हुए। राजनगर एक्सटेंशन में बीते एक जून को होटल कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दीगई थी। इस मामले में फरार चल रहे 25 हजार के इनामी को पुलिस ने गिरफ्तार किया लेकिन दूसरे इनामी मनीष को अभीतक गिरफ्तार नहीं किया गया। इस मामले में एक आरोपी ने पहले ही कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। फरार आरोपी मनीष पर भी पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। परिजनों का कहना है कि तीन महीने बाद भी पुलिस मनीष को नहीं पकड पाई और इस मामले को अपने पास से हटाने के लिए केस को विजयनगर थाने में शिफ्ट कर दिया। यह जानकारी परिजनों को नहीं दी। परिजनों और क्षेत्र के लोगों को यह बात जानकारी होने पर उन्होंने मंगलवार को नंदग्राम थाने पर प्रदर्शन किया। लोगों का कहना है कि नंदग्राम एसीपी और थानाध्यक्ष अपना पीछा छुडाने के लिए ही केस को विजयनगर ट्रांसफर कर दिया।



बीती एक जून की रात राजनगर स्थित सोसायटी में रितेश के कार्यालय पर मोहित, नागेन्द्र, रितेश और रोहित शराब पी रहे थे। इसी दौरान राहुल डागर भी अपने रिश्तेदार के साथ वहां आ गया। आरोप है कि इसके बाद नागेन्द्र, मोहित, प्रदीप और रोहित भी नीचे आ गए। इसके बाद आरोपियों ने राहुल डागर और उसके रिश्तेदार के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। इस दौरान मोहित और नागेन्द्र ने राहुल पर पिस्टल से फायरिंग कर दी थी। इसके बाद सभी लोग मौके से फरार हो गए थे। इस मामले में हत्याकांड़ के मुख्य आरोपी नागेन्द्र ने पिछले दिनों कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। उसका भाई मनीष अभी फरार चल रहा है।

# सिंक स्मार्ट मीटर की मार झेल रहे हैं गाजियाबाद के 2500 उपभोक्ता

## कई महीने पहले स्मार्ट मीटर लगाए गए लेकिन उन्हें पोर्टल से नहीं कनेक्ट किया गया

## उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा है बिल, एक साथ मोटा बिल आने पर बढेगी परेशानी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बिल संबंधी शिकायतों को दूर करने के लिए पावर कॉरपोरेशन की ओर से पूरे प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इन स्मार्ट मीटर्स को इंस्टॉल करने के लिए पूरे प्रदेश में अलग-अलग एजेंसी को ठेका दिया गया है। यूपी पावर कॉरपोरेशन ने इन एजेंसियों से डाटा मांगा कि अब तक कितने मीटर लग चुके है। ऐसे कितने मीटर हैं, जिन्हें लगाए तो गए हैं लेकिन पावर कॉरपोरेशन के पोर्टल पर अपडेट नहीं किया गया है। ऐसे मीटर को अनसिंक मीटर कहा जाता है। ये मीटर पावर कॉरपोरेशन और एजेंसी के लिए बोझ होते है। जानकारी के अनुसार, प्रदेश में ऐसे करीब 15 हजार अनसिंक मीटर लगे हैं जिन्हें लगा तो दिया गया लेकिन उन्हें पोर्टल से नहीं जोडने के कारण उपभोक्ताओं को बिल नहीं मिल पा रहा है। वहीं, पावर कॉरपोरेशन भी इन अनसिंक मीटर के उपभोक्ताओं की रीडिंग का पता नहीं चला पा रहा है। गाजियाबाद में ऐसे करीब ढाई हजार अनसिंक मीटर है। सबसे ज्यादा अनसिंक मीटर आर्थिक रूप में कमजोर तबके के इलाकों में लगे हैं। हालत यह है कि साल 2024 के अंत में और 2025 के शुरू में लगे अनसिंक मीटर को अभी तक पोर्टल से जोडा नहीं गया है। जिस कारण मीटर तो चलते हैं लेकिन उसकी रीडिंग नहीं आती है। गाजियाबाद में नंदग्राम, घूकना, हिंडन विहार, बागू, अकबरपुर, बहरामपुर, सिहानी, दीनदयालपुरी जैसे इलाकों में करीब ढाई हजार अनसिंक मीटर लगा दिए गए हैं।



नंदग्राम क्षेत्र के बी और सी ब्लॉक में पुराने मीटर हटाकर नए स्मार्ट मीटर लगाए गए थे। लेकिन दो महीने होने के बाद भी अब तक उपभोक्ताओं को बिजली के बिल नहीं मिले हैं। इससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग में शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यह संख्या लगातार बढती जा रही है। लोगों का कहना है कि पॉश कॉलोनियों में स्मार्ट मीटर क्यों नहीं लगाए जा रहे हैं, जबकि पावर कॉरपोरेशन का कहना है कि सभी मीटर को स्मार्ट मीटर में बदलना होगा। अब तक जो भी स्मार्ट मीटर लगे हैं वे भी निम्न और आर्थिक रूप से कमजोर आबादी के इलाकों में ही लगे है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि जब से स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। तब से किसी प्रकार का बिजली बिल प्राप्त नहीं हुआ है। इससे उपभोक्ता असमंजस में हैं कि आने वाले समय में उन्हें कितना भुगतान करना होगा। लोगों के मुताबिक विद्युत निगम के अधिकारियों का कहना है कि नए स्मार्ट मीटरों का डेटा अब तक सिस्टम में अपलोड नहीं हो पाया है। जिस कारण बिल तैयार नहीं किए जा सके हैं।

उपभोक्ताओं को चिंता सता रही है कि बिल एक साथ आने पर उन्हें एकमुश्त बड़ी राशि का भुगतान करना पड़ सकता है। जिससे आर्थिक समस्या बढ़ सकती है। स्थानीय लोगों ने विभाग से मांग की है कि इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए और समय पर बिल जारी करने की प्रक्रिया को सुचारु बनाया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

नंदग्राम निवासी मुकेश कुमार का कहना है कि जब बिल आएगा तो बढ के आएगा, जो एक साथ देना होगा। मध्यमवर्गीय परिवार के लिए बहुत मुश्किल होगा।

वहीं, बिजली विभाग का कहना है कि ऐसे मीटर को पोटर्ल के साथ जोडने का काम चल रहा है। कुछ तकनीकि कारणों से कुछ समय के लिए काम रूका था। जोन तीन के अधीक्षण अभियंता राहुल नंदा का कहना है कि जल्द ही इस समस्या का समाधान निकाल लिया जाएगा।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।